तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 5 नवंबर 2024



10 पीएम आवास का आवंटन नहीं, पेंशन के लिए गुहार





11 हर एक सदस्य पार्टी की असली पूंजीः ललित






# अमलेश्वर नगर पालिका परिषद का पहली बार होगा चुनाव, दावेदारों में होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अमलेश्वर नगरपालिका परिषद में पहली बार चुनाव होने जा रहा है। नगरपालिका गठन के बाद यह पहला चुनाव है। जिला निवार्चन आयोग के अधिसूचना जारी होने के बाद इस दिवाली पर दावेदारों ने बनैर-पोस्टर और होर्डिंग लगाकर मतदाताओं को बधाई दी। गोवर्धन पूजा, मातर और मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन में भी राजनीतिक रंग दिखा। नगर पालिका की सौगात कांग्रेस की सरकार ने दी है लेकिन वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इसलिए यहां का चुनाव बेहद ही दिलचस्प होने जा रहा है।

अलग खबर

## कांग्रेस ये हैं दावेदार

अमलेश्वर नगरपालिका परिषद में कांग्रेस और भाजपा पार्टी के दावेदारों की फेहरिस्त लंबी है। नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस में सबसे ज्यादा प्रबल दावेदार मोनू साहू हैं। साहू दुर्ग जिला पंचायत के सभापित हैं और परिक्षेत्रीय साहू समाज के संरक्षक भी है। इसके अलावा अमलेश्वर में हाल की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले के आयोजक रहे हैं। जिसकी वजह से उनकी पैठ क्षेत्रीय मतदाताओं में बनी हुई है। कांग्रेस के ही वरिष्ठ कार्यकर्ता महेन्द्र साहू, धमेंद्र साहू के नाम भी चर्चा में है।

## दिवाली-गोवर्धन पूजा पर दावेदारों ने लगाए बधाई देने वाले बैनर-पोस्टर और होर्डिंग्स




## भाजपा में सबसे ज्यादा दावेदार

प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष पद पर दावेदारों की सूची लंबी होती जा रही है। यहां के मंडल महामंत्री कैलाश यादव, पालिका के सांसद प्रतिनिधि डेरहाराम धीवर, उपसरपंच दयानंद सोनकर, मोहन साहू, दुर्गेश साहू, खुरमुड़ा के सरपंच धमेन्द्र सोनकर जैसे नाम सामने आ रहे हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है।

## 18 वार्डों के लिए भी होंगे साथ में चुनाव

अमलेश्वर नगरपालिका परिषद के अंतर्गत 18 वार्ड हैं। इन वार्डों में पार्षद चुना जाना है। पार्षद पद के लिए भी कांग्रेस व भाजपा के लोगों द्वारा दावेदारी शुरू हो गई है। त्योहार के मौके पर दोनों की पार्टी के दावेदार वार्डों में घर-घर जाकर लोगों को शुभकामनाएं देने की होड़ सी लगी रही। हाल यह है कि पार्षद पद के दावेदार भी लोगों को अपने क्षेत्र में छोटे-छोटे होर्डिंग व बैनर लगाकर पर्व की बधाई देने से नहीं चूके।

## एसडीएम हैं पालिका के वर्तमान प्रशासक

अमलेश्वर नगर पालिका परिषद गठन होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संचालन के लिए पदाधिकारियों का मनोनयन किया था। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों का मनोनयन किया। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद इस नगर पालिका परिषद में पाटन एसडीएम वर्तमान प्रशासक के तौर पर कामकाज देख रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वरोजगार आवासीय प्रशिक्षण

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 4 नवम्बर से महिला टेलर (30 दिन), 25 नवम्बर से टू व्हीलर रिपेयरिंग प्रशिक्षण (30 दिन), 25 नवम्बर को वाहन चालक(ड्राईवर) प्रशिक्षण (30 दिन) दिया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है।

### चंद्रनगर व लोकनगर में चोरी घटनाएं बढ़ी

**भिलाई।** उतई व नेवई थाने के अंतर्गत आउटर कॉलोनियों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरू नगर, वेदांत नगर, कबीर नगर सहित संलग्न कॉलोनियों में चोरी की वारदात होने लगी है। श्रमिक बस्ती क्षेत्र से लगे होने की वजह से दिनदहाड़े ही चोरी की घटनाएं हो रही है। शाम और रात को यहां असामाजिक तत्व घुमते मिलेंगे। रहवासियों को आशंका है कि ये लोग ही देर रात को सूने मकानों का रेकी करते है। पिछले दो महीनों के दौरान दर्जनभर चोरियां हो चुकी है। रहवासियों ने बताया कि थाने में शिकायत करने पर छोटी-मोटी चोरी का अपराध दर्ज नहीं करते। जिसकी वजह से चोरी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। लोगों ने शाम व रात को पेट्रोलिंग करवाने की मांग की है।

## राहत : अब दूसरी पाली की ओपीडी शाम 4 बजे से 6 बजे तक चलेगी

# जल्दी हो रहा सूर्यास्त, सरकारी अस्पतालों का ओपीडी टाइम बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नवंबर महीने से सूर्यास्त जल्दी होने लगी है। इसलिए छत्तीसगढ़ परिवार एवं कल्याण मंत्रालय ने दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों की शाम की ओपीडी टाइम बदल दिया है। अब दूसरी पाली यानी शाम की ओपीडी शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक ही चलेगी। इसके पहले इस समय पर ओपीडी शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहती थी। सुबह की ओपीडी टाइम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहली पाली की ओपीडी सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही चलेगी।



### ग्रामीण मरीजों को होगी सहूलियत

नवंबर महीने से ही मौसम में बड़ा बदलाव आया है। शाम जल्दी हो रही है। शाम 5 से 5.30 बजे की सूर्यास्त होने लगा है। मौसम के इस बदलाव को देखते हुए हेल्थ विभाग ने ओपीडी समय बदली है। ओपीडी के समय बदलने से दूरदराज क्षेत्रों से जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पताल सुपेला आने वाले मरीजों को सहूलियत होगी। इन अस्पतालों में आने के बाद मरीजों को वापस जाने में रात हो जाती है। दुर्ग से कुछ रूट ऐसे भी है जहां रात 8 बजे के बाद बसें ही नहीं चलती। ऐसे में मरीजों की दिक्कतें और बढ़ जाती।

## मौसम में आने लगा बदलाव, भिलाई-दुर्ग सहित वनाचंल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया

### इस तरह आ रहा है न्यूनतम तापमान नीचे

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में ठंड की शुरूआत वनांचल क्षेत्रों से होती है। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा है। जगदलपुर में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। भिलाई-दुर्ग में भी न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। भिलाई-दुर्ग का न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस है। जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

### ट्विनसिटी में सुबह तेज धूप और शाम को ठंड का एहसास

नवंबर महीना जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है हर दिन तापमान में बदलाव आने लगा है। सुबह तेज धूप और हल्की बदली की वजह से गर्मी लगने लगती है। शाम होते ही ठंड का एहसास बढ़ जाता है। दरअसल वातावरण में आर्द्रता सुबह 8.30 बजे बढ़ी हुई है। इस समय पर आर्द्रता 83 प्रतिशत रहती है और शाम 5.30 बजे यह 63 प्रतिशत हो जाती है। जिसकी वजह से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है।

### इन तीन वजह से नहीं पड़ती कड़ाके की ठंड



लालपुर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि इस बार पिछले साल से ज्यादा ठंड पड़ सकती है लेकिन कड़ाके की ठंड अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। इसकी मुख्य तीन वजह है। पहला उद्योग धंधे तेजी से बढ़े हैं। दूसरा ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति से हम जूझ रहे हैं। तीसरा लोगों के पास ठंड से बचने की सुविधा बढ़ गई है। जिसकी वजह से कड़ाके की ठंड कुछ समय तक ही सीजन में आता है और वैसे ही गुजर जाता है। जनवरी महीने में ही अच्छी ठंड पड़ेगी।

# डिलवरी बॉय पर चलाया कटर लोगों ने की आरोपी की पिटाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

डिलवरी बॉय पर कटर से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में युवक के गुप्तांक और उंगली पर चोट लगने का मामला सामने आया है। वारदात के बाद मौके पर पहुचे लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी।

मामला जामुल पुलिस थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक गुलशन देवांगन और छोटेलाल यादव दोनों आपस में अच्छे दोस्त हैं। छोटेलाल यादव फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय का काम करता हैं। वहीं गुलशन गार्ड का काम करता था। रविवार शाम गुलशन, छोटेलाल और एक अन्य साथी भगवान यादव तीनों ने मिलकर एक साथ शराब पिया। इसी दौरान गुलशन और छोटेलाल का आपस में विवाद हो गया। विवाद के बाद छोटेलाल और भगवान यादव रुंगटा कॉलेज से थोड़ा आगे कुरुद की तरफ निकल गए। गुलशन अपने कुछ साथियों के साथ दोनों का पीछा करते हुए पहुंचा और फिर से विवाद शुरू कर दिया। भगवान दोनों को न लड़ने की समझाइश दे ही रहा था कि गुलशन ने कटर निकालकर छोटेलाल पर हमला कर दिया। इस हमले में भगवान यादव को भी चोट आई है।

- जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना, बढ़ रहा है अपराध

घटना के समय गुलशन काफी नशे की हालत में था। आरोपी को लोगों ने घटनास्थल पर उसे रोक लिया और जमकर पिटाई कर दी। तीनों युवकों को चोट लगने पर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। भगवान और छोटेलाल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल दुर्ग रेफर किया है। भगवान यादव ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी घटना हो जाने के बाद भी जामुल पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

## लोक सेवा केन्द्र में लैपटॉप चोरी

**भिलाई।** लोक सेवा केन्द्र खुर्सीपार से एक लैपटाप चोरी हो गया है। घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की गई है। यह चोरी नगर पालिक निगम जोन 3 खुर्सीपार से हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित हेमंत कुमार ने बताया कि जिस लैपटाप को ने पार किया है।उसमें प्रतिदिन आधार कार्ड का अपडेट किया जाता है। इसके अलावा इस लोकसेवा केंद्र में और भी सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्य के लिए लोग आते है। पुलिस के मुताबिक चोरी के समय सीसी कैमरा बंद मिला है। जिसकी वजह से पुलिस को आरोपी की तलाश करने में दिक्कत आ रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी गई है। जिससे मामले की तह तक पहुंच सकते है।

# बीएसपी कर्मचारी के मकान का ताला टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी कर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 305,331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सड़क 35 सेक्टर-10 निवासी बीएसपी कर्मी प्रवीण कुमार परिवार समेत गृहग्राम जिला बेगुसराय बिहार गये हुए थे। इस

### बिहार गया था परिवार

दौरान मकान में ताला जड़कर गांव गए हुए थे। 19 अक्टूबर को पड़ोसियों ने पीड़ित को फोन पर मकान में चोरी होने की सूचना दी। पीड़ित की पत्नी विनिता कुमारी के दीवाली मनाने के बाद 3 नवंबर को घर आने पर पुलिस को बताया कि आलमारी में रखे सोना के जेवरात और नगदी 1000 रुपए अज्ञात ने पार कर दिया।

# होटल से सात जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अंबे लाज कमरा नंबर 110 मे जुआ खेल रहे जुआरियों की जानकारी मिली। पुलिस ने टीम बनाकर दबिश देने पहुंचे। जहां से पुलिस ने विजय नगर दुर्ग निवासी सुनील यादव, लुचकीपारा राहुल कुमार लाखे, पोलसाय पारा राहुल जैन, शंकर नगर दुर्ग वरूण जोशी, शनिचरी बाजार दुर्ग प्रभात सिंह, मोह. तनवीर अहमद, नयापारा अजय यादव को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश पत्ती और 51 हजार 400 रुपए जब्त किया है। जुआरियों को मुचलके पर रिहा किया गया है।

## खाते से निकाले 1 करोड़, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मोबाइल दुकान संचालक के साथ हुए करोड़ो की ठगी मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मोबाइल दुकान संचालक रमेश कुमार मारकंडे की नेवई में दुकान है। विकास चंद्राकर मोबाइल रिपेयर कराने पहुचा था। रमेश से मोबाइल चलाने के लिए मांगा। दुकान में ग्राहक होने से रमेश ने उसे जो मोबाइल चलाने दिया उसमें से सिम निकालना भूल गया। उस सिम से संचालक अपना करंट अकाउंट चलाया करता था। सिम को लेकर विकास चंद्राकर लेकर गया और उसने 13 दिसंबर 2023 को रमेश के खाते से चार-पांच घंटे के भीतर ही 1 करोड़ 20 लाख रुपए पार कर दिया। बड़ी रकम गायब होने की जानकारी बैंक प्रबंधन ने पीड़ित को दी। रमेश ने अपने भतीजे को बैंक भेजा और पता चलाया तो विकास चंद्राकर ने खाते से लिंक सिम और मोबाइल इसेतामल कर रुपए पार कर लिया था। जिसे लेकर नेवई पुलिस जुर्म दर्ज नहीं किया था। कोर्ट की शरण में जाने के बाद ही पुलिस ने कार्रवाई किया।

## साफ-सफाई के साथ रंगरोगन के लिए निगम ने जोन को बांटा विशेष फंड

# छठ पर्व पर भिलाई निगम ने तालाबों में बनाए विशेष कुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में छठ पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। उसके देखते हुए आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा सभी जोन के कमिश्नर को विशेष राशि आवंटन की गई है। जिसके माध्यम से तालाबों की साफ सफाई के साथ ही तालाबों का रंग रोगन किया रहा है। विसर्जन के लिए तालाब में ही विशेष कुंड भी बनाए गए हैं।आदेश के तारतम्य में घाटों की सफाई एवं वहां पेंटिंग के कार्य किया जा रहे है। इसके साथ ही सभी घाटों पर किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसलिए बैरिकेट भी लगाए जा रहें हैं। जिससे लोग श्रद्धापूर्वक छठ पर्व को मना सके।

### प्रमुख चौराहो में प्रकाश व्यवस्था

प्रमुख चौक चौराहों एवं तालाबों पर प्रकाश व्यवस्था भी की जा रही है। किसी प्रकार की असुविधा न हो। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन , महापौर नीरज पाल ने नागरिकों से अपील की है कि श्रद्धापूर्वक छठ पर्व को मनाएं। नगर निगम भिलाई क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था का भी ध्यान रखें, हर जगह नगर निगम भिलाई द्वारा डस्टबीन की व्यवस्था की गई है। तालाबों पर भी विसर्जन हेतु विशेष कुंड बनाए गए हैं । उसका उपयोग करें व्यवस्था में सब सहयोग करें।



### तालाबों की निगरानी के लिए इन्हें मिली जिम्मेदारी

नगर निगम भिलाई के सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीके सैमुअल, अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, हेमंत माझी, वीरेंद्र बंजारे अपने दल के साथ सभी तालाबों पर निगरानी करेंगे। तालाबों के लिए विशेष सुपरवाइजर गार्ड भी नियुक्त किया गया है जो देखरेख करेंगे।

### रिसाली के तालाबों में भी इंतजाम



रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा ने विभागवार समीक्षा की। छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए उन्होंने तालाबों के घाट की सफाई करने और तालाब किनारे रोशन करने निर्देश दिए है। महापौर ने विभाग प्रभारी की उपस्थिति में मुख्य बाजार स्थित मार्गो को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए है। महापौर ने राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तालाब के घाट और आस पास खाली जगहों की बेहतर तरीके से सफाई करे। उन्होंने नेवई डेम, हिन्द नगर तालाब और कल्याणी मंदिर तालाब, रूआबांधा तालाब पर विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए है। बैठक में एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, चन्द्रप्रकाश निगम, सनीर साहू, सीमा साहू, परमेश्वर देवदास आदि उपस्थित थे।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को

अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्योत्सव स्थल पुरानी गंज मंडी गंजपारा पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जाने वाली प्रदर्शनियों का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के 24वें वर्ष पूरे होने पर जिले में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मंच सहित स्टॉल और बैठक व्यवस्था, पार्किंग आदि की तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, एसडीएम दुर्ग एचएस मिरी, सभी निगम आयुक्त सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले में बंधक श्रम सर्तकता समिति गठित

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बंधक श्रम पद्धति अधिनियम 1976 की धारा 13, 1 के अंतर्गत बंधक श्रमिक सतर्कता समिति का गठन किया है। जिसमें अपर कलेक्टर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग, उपसंचालक पंचायत दुर्ग, उपसंचालक समाज कल्याण दुर्ग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग, सहायक संचालक जनसंपर्क दुर्ग एवं जिला रोजगार अधिकारी दुर्ग सदस्य नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति से हर प्रसाद आडिल, संतोष मारकण्डेय, संतलाल कोडप्पा, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती नीतू श्रीवास्तव एवं श्रीमती प्रीति खरे, ग्रामीण विकास विभाग से अजीत चंद्राकर, श्रीमती सुनीता वर्मा एवं श्रीमती दिव्या साहू, वित्तीय एवं ऋण संस्थाओं के प्रतिनिधित्व हेतु लीड बैंक अधिकारी जिला दुर्ग तथा सहायक श्रम आयुक्त जिला दुर्ग सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

### वोरा पहुंचे बराईपारा के काली मंदिर



**दुर्ग।** गोवर्धन पूजा पर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने बराईपारा में प्राचीन काली मंदिर पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना की व शहरवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष नंदू महोबिया, पार्षद भोला महोबिया, सरिता ताम्रकार, सुमन महोबिया, मुकेश महोबिया सहित मोहल्लेवासी उपस्थित थे। इस दौरान श्री वोरा ने काली मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया व इसे शीघ्र पूरा करवाने की बात कही।

# सैंकड़ों पेड़ काटने की नामजद शिकायत, जांच रिपोर्ट में लिखा अज्ञात!

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग के ग्राम झेंझरी में हरेभरे पडों की कटाई कि लिखित शिकायत करने के बाद भी मिलीभगत कर दोषियों पर पर्दा डाल दिया है। हैरान करने वाली बात है कि, शिकायतकर्ता ने पेड कांटने वालों की लिखित शिकायत की थी। लेकिन वन विभाग की जांच टीम ने रिपोर्ट में अज्ञात लोगो द्वारा पेड कांटने का उल्लेख कर खानापूर्ति कर लिया हैं।

ग्राम झेंझरी के सरकारी भूमि में लगे 50 साल पुराने दो से ढाई सौ पेडो को काट दिया गया। यह मसला जिला पंचायत के सामान्य सभा में उठाया गया। जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख द्वारा मामला सामने लाए जाने के बाद जांच करने पर सहमति भी बनी थी। लेकिन वन विभाग के अफसरों ने जांच कर कार्रवाई करने के बजाए। जांच में खानापूर्ति कर ली। हांलाकि रिपोर्ट में यह मान लिया गया है कि, पेडों की कटाई की गई हैं। दो माह में मामले की जांच की और रिपोर्ट में लिखा है कि, 118 पेड काटे गए है। जिसमें नीम, रिया, बबूल, कहुआ, गंगा ईमली आदि पेड़ है। जिसे अज्ञात लोगों ने काटा है। विगत अक्टूबर माह के सामान्य सभा में फिर मामला उठा तो वन विभाग के अफसर ने जांच रिपोर्ट दिखाकर हाथ खड़े कर दिया। वन विभाग के इस जांच रिपोर्ट पर जिला पंचायत के सदस्यों ने आपत्ति जताई है। सीईओ ने भी वन विभाग के अधिकारी को फटकार लगाते हुए फिर से छापा मार कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जांच कर जल्द ही रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है।

## पेड़ कटाई को संरक्षण दे रहे अधिकारी, रिपोर्ट में माना काटे गए पेड़

### जुलाई में हुई थी शिकायत

ग्राम झेंझरी के पूर्व सरपंच टून्नू लाल देशमुख ने 16 जुलाई को जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख और वन विभाग से शिकायत की। शिकायत के बाद 31 जुलाई को जब जिला पंचायत में सामान्य सभा हुई तब जनपद अध्यक्ष ने फिर से यह मुद्दा उठाया। सामान्य सभा में वन विभाग के जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके दो माह में 30 सितंबर को जब सामान्य सभा हुई तो फिर से यह मुद्दा उठा। लेकिन वन विभाग ने रिपोर्ट सौंप कर खानापूर्ति कर ली।



### छापामार कर कार्रवाई करने की मांग

तत्कालीन सीईओ अश्वनी देवांगन ने सामान्य सभा में इस मुद्दे को लेकर कहा था कि, जब उन्हें नामजद शिकायत हुई है। तो वे सबसे पहले उनके घरों में छापा मार कर जांच करें। जो पेड़ कांटे गए है। उसका लकड़ी कहां गया। वन विभाग के जांच नाका में कोई रहता है की नहीं। जांच करते है कि नहीं। करते है तो फिर 118 पेड़ों की लकड़ी कहा गई। इसकी जांच करों। जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने बताया कि, लकडी काटी गई और बरामद भी किए गए। इसकी नामजद शिकायत हुई। लेकिन इसके बाद भी अफसरो ने हद कर दिया।

### हमें पावर नहीं

"हमें जांच कर कार्रवाई करने का पावर ही नहीं है। यह पावर रेवेन्यू अधिकारी को है। जो पेड़ काटे गए है। वह वन विभाग की जमीन पर नहीं थी। उनका कार्यक्षेत्र ही नहीं है, तो कैसे कार्रवाई करेंगे।

**-सीएस परदेशी**
डीएफओ दुर्ग

## **सख्ती:** पांच बार तारीख बढ़ाने के बाद भी 50 हजार सदस्य नहीं आए सामने

# पचास हजार ने नहीं कराया केवाईसी नवंबर के आवंटन पर लटकी तलवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा राशन कार्डो के केवाईसी के लिए लगातार पांच बार तारीख बढाए है। इसके बाद भी अब तक जिले के पचास हजार से अधिक सदस्यों ने केवाईसी नही कराया है। बडी विडंबना इस बात की हो गई है कि, अब राज्य शासन ने 31 अक्टूबर के अंतिम तिथि के बाद मोहलत नही बढाई है। राज्य शासन द्वारा मोहलत नही बढाए जाने के चलते अब नवंबर के आबंटन पर तलवार लटक सकती हैं।

राज्य शासन द्वारा केवाईसी की तिथि नही बढाए जाने के चलते खाद्य विभाग के अफसर भी संशय में है। ऐसे में नवंबर माह के आबंटन पर उपभोक्ताओं के सामने परेशानी खडी हो सकती है। जानकारी अनुसार केंद्र सरकार द्वारा पिछले दो साल पहले वन नेशन वन कार्ड लागू किए जाने के बाद राज्य के खाद्य महकमे द्वारा राशन कार्ड केवाईसी की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिले में कुल 4,74,440 राशनकार्ड प्रचलित है, जिसमें 17 लाख 5027 सदस्य सम्मिलित है। शासन द्वारा राशनकार्ड के सभी सदस्यों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी किये जाने के निर्देश दिये गये है, दुर्ग जिले में प्रचलित राशनकार्डों में करीब पचास हजार ने केवाईसी नही कराया हैं। राज्य शासन द्वारा पिछले दो साल के भीतर सत्यापन की प्रक्रिया को पांच बार बढ़ाया गया। राज्य सरकार ने पिछले 31 अक्टूबर तक सत्यापन कराने का अंतिम बार मौका दिया था।

## राज्यशासन ने 31 अक्टूबर निर्धारित की थी तिथि, फिलहाल नहीं आए नए आदेश



### शासन ने मांगे केवाईसी के आंकड़े

राज्य शासन द्वारा खाद्य महकमे को आगामी पन्द्रह नवंबर तक ऐसे सदस्य जो केवाईसी नही कराए हैं, उनकी जानकारी मांगी गई हैं। सूत्रों ने बताया कि, राज्य सरकार द्वारा अभी तारीखें नहीं बढ़ाई गई है। जिसके चलते माना जा रहा है कि, नवंबर माह के आबंटन को रोकने की तैयारी शुरू कर दी गई है। हांलाकि अधिकारी तारीख नही बढाए जाने के चलते साफतौर पर जानकारी नही दे पा रहे है। लेकिन तारीख नही बढाए जाने को लेकर शासन इस बार सख्ती बरतने के मूढ में नजर आ रही हैं।

### हर माह जारी भी हो रहा राशन

पिछले दो साल से केवाईसी की प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत कार्ड में शामिल सभी सदस्यों को पाश मशीन में थंब लेकर केवाईसी किया जाना है। केन्द्र के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा पांच बार मोहलत बढाए गए है। इस दौरान बोगस राशन कार्ड के आंकडे पर आ गए है। लेकिन इन राशन कार्डो में आबंटन पर अब तक सक्ती नही बरती गई थी। अफसरों की माने तो ई-केवाईसी नहीं कराए जाने के पीछे बुजुर्ग सदस्यों के फिंगर प्रिंट के नहीं मिलने का कारण भी सामने

### आयुष्मान कार्ड प्रक्रिया भी प्रभावित

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड में शामिल सदस्यों को आधार माना गया है। क्योकि आयुष्मान कार्ड भी परिवार के प्रत्येक सदस्य का अलग-अलग बन रहा है। ऐसे में विभाग द्वारा अभियान चलाकर अब तक तेरह लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। लेकिन अभी चार लाख सदस्य आयुष्मान कार्ड का लाभ लेने सामने नही आ रहे है। पिछले दिनों इसके लिए निकाय से लेकर गांव में शिविर भी लगाए गए थे।

**निर्देश नहीं मिले**

"राशनकार्ड केवाईसी के लिए 31 अक्टूबर तय किया गया था। अभी राज्य स्तर से तारीख बढाए जाने की जानकारी नही मिली हैं। करीब 82 फीसदी केवाईसी हो चुके हैं।
**-श्री अतरी,** प्रभारी खाद्य नियंत्रक

# प्राचार्य ने पर्व में शिक्षकों को जारी नहीं किया वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पीड़ित शिक्षकों ने की डीईओ से लिखित शिकायत

राज्य शासन द्वारा दीपावली पर्व मनाने के लिए अक्टूबर माह में वेतन जारी किए जाने के निर्देश दिए थे, ताकि सरकारी कर्मचारियों को पर्व में आर्थिक तंगी न हो। लेकिन शास. चंद्रशेखर आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंचशील नगर दुर्ग के प्रभारी प्राचार्य की मनमानी के कारण आधा दर्जन शिक्षको की दीवाली फीकी हो गई। शिक्षको ने प्रचार्य की शिकायत कलेक्टर, नगरनिगम आयुक्त और डीईओ से की हैं।

इस स्कूल के प्राचार्य ने शिक्षको के वेतन जारी किए जाने के लिए दस्तखत ही नही किए थे। जिसके चलते पर्व के बीच शिक्षको को वेतन के लाले होना पडा। पीडित शिक्षको द्वारा सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि, शाला के खाते में वेतन की राशि शासन द्वारा 25-26 अक्टूबर तक भुगतान किया जा चुका था। दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार में हमे बिना वेतन आर्थिक संकट होने के कारण भरे मन से खेद व रोष व्यक्त करते है। उन्होने प्रभारी प्राचार्य पर उचित कार्यवाही करने की डीईओ से मांग की है। डीईओ से रीता मजूमदार (व्याख्याता), स्मृति डेनियल, पिटवास पाढ़ी, साधना नायक व करुणा देवांगन ने की हैं।

### आपसी बैर का किया गया उल्लेख

शिक्षको द्वारा सौंपे गए पत्र में आपसी बैर का उल्लेख किया गया है। इस पर हरिभूमि ने जानकारी जूटाने पर पता चला कि, स्कूल में प्राचार्य बनाने के लिए शिक्षको में पहले से ही खिंचतान चल रहा है। स्कूल में सीनियर शिक्षक होने के बाद भी जूनियर को प्राचार्य बनाने का मसला सामने आया है। यही कारण है कि पीडित शिक्षको ने पत्र में आपसी बैर का उल्लेख किया हैं। उन्होने लिखा है कि, प्रभारी प्राचार्य द्वारा शासन के नियमों का दरकिनार करते हुए वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। अतः संबंधित पर उचित कार्रवाई करने की जाए।

# सोसायटी कर्मचारी संघ ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ सहायक मर्यादित कर्मचारी संघ द्वारा चार नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उनके इस हडताल से आगामी दिनों धान की खरीदी प्रभावित होगी। पहले भी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दो बार आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगें पूरी नहीं हुई। इसी को लेकर दुर्ग संभाग के 13 हजार कर्मचारी दुर्ग के मानस भवन के पास धरने पर बैठ गए हैं।

सहकारी समितियों के कर्मचारी तीन सूत्रीय मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर उन लोगों ने 18 से 20 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर काम किया था। इसमें प्रदेश की 2058 समितियों में कार्यरत लगभग 13000 कर्मचारियों ने अपना समर्थन दिया था। इसके बाद भी जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो उन्होंने 21 और 22 अक्टूबर को दो दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन लोगों ने मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री और सहकारिता मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास ने बताया कि, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं



हो जाती उनका यह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा है। उन्होंने कहा कि, मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर छग सरकार भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को कर्मचाररियों को वेतनमान और अन्य सुविधाएं लाभ दे।

इसके साथ ही हर एक समिति को हर साल 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि दी जाए। 7वें सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरिक्षित वेतन लागू की जाए। साथ ही साथ समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 में थान परिदान के बाद हुई संपूर्ण सुखत मान्य करते हुए आगामी वर्षो के लिए धान खरीदी नीति में वर्णित 16.9 में सुखत मान्य का प्रावधान करते हुए धान खरीदी अनुबंध में परिवर्तन करते हुए प्रासंगिक व सुरक्षा व्यय, कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता फसल बीमा, आदि को 2 गुणा बढ़ा कर राशन वितरण पर 500 किलो क्षतिपूर्ति और 5000 रुपए दी जाए।

# पीएम आवास का आवंटन नहीं, पेंशन के लिए गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर जनदर्शन में फरियादियों ने प्रशासन से पीएम आवास नही मिलने और पेंशन की राशि को रोके जाने सहित विभिन्न शिकायते की हैं। इस दौरान करीब चासीस से अधिक आवेदनों पर सुनवाई की गई।

जुनवानी निवासी ने अपने स्वर्गीय पति की सेवानिवृत्त पश्चात अंतिम भुगतान एवं पेंशन की राशि प्रदान करने आवेदन दी। उन्होंने बताया कि, उनके पति नगर पालिक निगम भिलाई में फिल्ड वर्कर के पद पर जोन-01 नेहरू नगर में कार्यरत थे। सेवानिवृत्त के पश्चात निगम द्वारा किसी भी प्रकार का अंतिम भुगतान व पेंशन प्रदान नही किया गया है। तमेर पारा दुर्ग निवासी ने मोर मकान मोर आवास योजना के अंतर्गत मकान का स्वामित्व दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वह परित्यक्ता है। मकान हेतु निर्धारित राशि में जमा की जा चुकी है, किंतु आज दिनांक तक मकान हस्तांतरित नही किया गया है। ग्राम नगपुरा के पूर्व पंच बलराम कौशिक ने जल जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन बिछाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया नगपुरा में बाजार चौक से रावणभाठा चौक तक पानी की पाईप लाईन बिछाई नही गई है, जिसके कारण ग्रामवासियों को पानी के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मेडेसरा अहिवारा निवासियों ने कृषि भूमि में जाने हेतु रास्ता प्रदान करने आवेदन दिया। उन्हें कृषि कार्य भी करने नहीं दिया जा रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार अहिवारा को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# छत्तीसगढ़ में अपराधिक घटनाओं के विरोध में भाजयुमो फूंकेगा पुतलाः भूपेंद्र सवन्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ अधिकारी-कर्मचारियों ने किया स्वागत

छत्तीसगढ़ के दामाखेड़ा कबीर आश्रम, बलौदा बाजार, सूरजपुर, लोहारीडीह व केशकाल में सामने आए आपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। इसे लेकर दुर्ग के जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने मीडिया से रुबरु होकर प्रदेश में अशांति व अराजकता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बताया है। उन्होने कहा है कि, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की हम पच्चीसवीं वर्षगांठ मना रहे है। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने अल्प समय के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभी गारंटियों को पूर्ण किया है। जिससे प्रदेश तेजी से सर्वांगीण विकास की ओर आगे बढ़ा है, लेकिन कांग्रेस इससे विचलित होकर प्रदेश में अशांति व अराजकता फैलाने की कुचेष्ठा कर रही है। जिसके प्रदेश के कई जिलों में सामने आई अपराधिक घटनाएं बड़े उदाहरण है। श्री सवन्नी ने इन सभी घटनाओं की निंदा करते हुए कड़े शब्दों में कहा है कि, कांग्रेस के इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ कतई सहन नहीं करेगा। भाजपा की प्रदेश सरकार शांति व्यवस्था बनाने कटिबद्ध है। इन अपराधिक घटनाओं के खिलाफ जल्द ही भाजयुमों प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पुतला जलाकर आक्रोश जताएगी। इस दौरान श्री सवन्नी के साथ दुर्ग जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, प्रदेश मंत्री उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, राजेन्द्र पाध्ये, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद थे।




### नवपदस्थ आयुक्त ने संभाला पदभार

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम में नव पदस्थ आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। तत्कालीन आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नए आयुक्त सुमित अग्रवाल को प्रभार सौंपा।



## मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल राज्योत्सव का करेंगे आगाज

# सांस्कृतिक कार्यक्रमः स्थानीय कलाकार देंगे रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पुरानी गंजमंडी में राज्योत्सव का आयोजन

शहर के पुरानी गंज मंडी गंजपारा में कल राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्योत्सव स्थल पुरानी गंज मंडी गंजपारा पहुँचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जाने वाली प्रदर्शनियों का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, राज्य स्थापना के 24वें वर्ष पूरे होने पर जिले में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मंच सहित स्टॉल और बैठक व्यवस्था, पार्किंग आदि की तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित करने के लिए कहा। उक्त आयोजन में सांसद, दुर्ग शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विधायक सहित जिला पंचायत अध्यक्ष एवं महापौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इनमें लोकसभा सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, साजा विधायक ईश्वर साहू, पाटन विधायक भूपेश बघेल, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव, महापौर नगर पालिका निगम दुर्ग धीरज बाकलीवाल, महापौर नगर पालिका निगम भिलाई नीरज पाल, महापौर नगर पालिका निगम रिसाली शशि सिन्हा, महापौर नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा निर्मल कोसरे शामिल हैं।




### योजनाओं की लगेगी प्रदर्शनी

राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियों द्वारा अपनी-अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, आयुष, सिंचाई, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, आदिवासी विकास विभाग, जिला सहकारिता एवं केन्द्रीय बैंक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य योजना शामिल हैं।

### दी जाएगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिसमें सत्यदीप नृत्य दल द्वारा पंथी नृत्य, रेनू साहू द्वारा पंडवानी, रानी नंदिनी चौधरी एवं दल द्वारा कत्थक एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य तथा लीलाधर साहू एवं दल द्वारा संस्कृत लोकनाचा शामिल है। इसके आलावा गायिका किरण शर्मा भी अपनी विविध प्रस्तुति देंगी।



## खबर संक्षेप



### अंडा में श्री शिव महापुराण कथा शुरू

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम अंडा मिलपारा मोहल्लावासी एवं समस्त ग्रामवासी अण्डा के तत्वावधान में श्री शिव महापुराण कथा 4 नवंबर से प्रारंभ हो गई हैं। 108 कलश यात्रा के साथ प्रभातफेरी निकाली गई । प्रवननकर्ता भगवताचार्य बालव्यास पं. सौरभ शर्मा (बाबू महाराज) अरमरीकला वाले महाराज का होगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे पार्थिव शिवलिंग पूजा कथा क्रम उत्सव, दोपहर 1 बजे से शिव इच्छा तक शिवमहापुराण महात्म, चंचुला कथा, 5 नवम्बर को नारद मोह, कुबेर पूर्ण चरित्र, शिवलिंग, 6 नवम्बर सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर कथा, 7 नवम्बर सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 8 नवम्बर राम जन्म, भस्मासुर कथा, 9 नवम्बर गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर कथा 10 नवम्बर को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ौतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति किया जाएगा। वहीं 10 नवम्बर को सिद्ध रूद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

### मां लक्ष्मी की मूर्ति का किया विसर्जन



**उतई।** ग्राम मचांदुर में मां लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। लक्ष्मी पूजा के दौरान कई दिनों तक चले इस उत्सव के बाद,भक्तों ने मां लक्ष्मी को नम आंखों और मंगलकामनाओं के साथ विदा किया। विसर्जन के दौरान पूरे गांवों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंख ध्वनि और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विसर्जन के जुलूस में युवाओं से लेकर बुजुर्गों, महिलाओं तक ने हिस्सा लिया। जुलूस में मां लक्ष्मी की भव्य मूर्तियों को सजाए गए टालियो पर रखा गया था और भक्तगण नाचते-गाते हुए इन्हें विसर्जन स्थल तक ले गए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पुलिस ने यातायात की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मां लक्ष्मी के विसर्जन के साथ ही लक्ष्मी पूजा का समापन हुआ, लेकिन भक्तों ने अगले वर्ष पुनः मां के स्वागत की आशा और उत्साह के साथ विदाई दी। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे देश में भक्ति और उत्साह का माहौल बना दिया,जहां मां लक्ष्मी की शक्ति और आशीर्वाद के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा साफ झलक रही थी। यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को और मजबूत करता है। इस अवसर पर सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति अध्यक्ष धनेश साहू, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, सचिव प्रवीण यदु, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर साहू, संचालक चोवा निषाद, राहुल यदु, अजय यदु, हरीश यादव, भानु साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, पुकेश्वर साहू, अरुण साहू, प्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

## पर्व : विभिन्न गांवों में दीपावली का त्योहार सौहार्द्रपूर्वक मनाया गया

# गोवर्धन पूजा व मातर पर्व मनाकर अखाड़ा करतब का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झोला में मातर त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने मातर स्थल पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर यादव समाज के लोगों सहित समस्त ग्रामवासी को मातर उत्सव व भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान राउत नाचा की धुन पर यादव समाज व अन्य समाज के लोग जमकर थिरके। साथ ही अखाड़ा का आयोजन किया गया और रात में रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने इस बेहतर आयोजन के लिए यादव समाज सहित ग्रामवासी की सराहना किया और इसी तरह सामाजिक एकता को बनाए रखने निवेदन किया। छत्तीसगढ़ के गांवो में मातर, मेला, मंडई छत्तीसगढ़ की परंपरा है। यहां सुरहोती (दीपावली) के अगले दिन गोवर्धन पूजा और उसके बाद के दिन को 'मातर' कहा जाता है। 'मातर' में मा का अर्थ है माता और तर यानी उनकी शक्ति को जगाना।

इस पर्व में गाय की पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ में यह पर्व मुख्य रूप से राउत व ठेठवार समाज के लोगो के द्वारा मनाया जाता है, परंतु अन्य समाज के लोग भी इसमे शामिल होते हैं।

यादव समुदाय के लोग घर-घर जिनके घरों में गोवंश पाले जाते है जा कर दोहा, नाचा करते हैं और सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं।

इस अवसर पर मनीष बेलचंदन, गुलाब बेलचंदन, चंद्र प्रकाश बेलचंदन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन, दुखित बेलचंदन, अश्वनी देशमुख, पुकेश बेलचंदन, परशु पटेल,भगत यादव, वीरेन्द्र अमृत, गोपी देशमुख, परस राम, दुलार अमृत, प्रवीण यदु, फलेंद्र राजपूत, सोनू राजपूत, नवाब खान, योगेश पटेल, धनराज साहू, जस, लोक, बैसाखू राम साहू, दयालु यादव, प्रीत यादव , तोरण साहू, युवराज सिंह साहू, राधेश्याम बेस, गजेन्द्र साहू सरपंच,लेखन साहू जनपद सदस्य सहित बड़ी संख्या यादव समाज के लोग व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**मातर उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक ललित**



### छत्तीसगढ़ संस्कृति में राउत नाचा अनमोल विरासत



**जामगांव आर।** दीपावली त्योहार में राउत नाचा की गूंज गांवो में भाईचारा की मिठास घोलने में महती भूमिका पीढ़ी दर पीढ़ी निभाते आ रही है। विरासत में मिली राउत नाचा करते हुए घर-घर जाकर जय जोहार करने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी लोग एक साथ राउत नाचा में अपनी सहभागिता अदा करते हैं। लोग विदाई स्वरूप भेंट देकर विरासत पर गर्व करते है। रमेश यादव ने कहा कि राउत नाचा करते हुए घर घर जाकर जय जोहार करना हमे विरासत में मिली है। भाईचारा का यह अनमोल तोहफा पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती जा रही है। रूपराम बैगा ने कहा कि दीपावली गोवर्धन पूजा पर्व मनाने के बाद राउत नाचा करते हुए गाजे बाजे के साथ घर घर जाना जय जोहार करना हमारे छत्तीसगढ़ की भाईचारा संस्कृति है। मेल मिलाप का अदभुत मिशाल है। इस दौरान शिवदयाल यादव, शुभभु यादव, संतराम यादव, जगत यादव, प्रकाश, बुधारू यादव, दूज यादव, राजा, सोहन यादव, बेनू ठाकुर, शिबू आदि शामिल रहे।

### गोवर्धन पूजा कर निकाली शोभायात्रा

**पाटन।** पाटन नगर में हर्षोल्लास के साथ दिवाली पर्व मनाई गई। पाटन नगर बीजेपी अध्यक्ष होरीलाल देवांगन ने लोगों को बधाई दिए। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। मातर पर गोधन की पूजा कर लोगों को खीर का प्रसाद बांटा गया। पर्व का समापन यदुवंशियों व नर्तकों ने दोहा पारते हुए राउत नाचा की प्रस्तुति दी, अखाड़ा टीम ने हैरजअंगेज करतब दिखाए। यदु वंशियों व नर्तकों ने दोहा पारते हुए राउत नाचा की प्रस्तुति दी। टोली में युवाओं, बुजुर्गों के साथ ही बच्चों ने भी पारंपरिक राउत नाचा किया। पाटन के खोरपा में मातर के दौरान अखाड़ा टीमों ने करतब का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर नितेश तिवारी, राधे यादव, सुनिल देवांगन, जलज सावर्णीय, संतोष यादव, वागेश वासशंकर, राजा शर्मा, छोटे लाल देवांगन, लक्ष्मण निर्मलकर और नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।



### गौरी-गौरी का विसर्जन



**सेलूद।** पांच दिनों के पर्व दीपावली के अंतिम दिन रविवार को मातर उत्सव मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में इसका उल्लास देखते ही बना। इधर पाटन नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। वहीं यदुवंशियों ने गांव के गोठान में गोवंशों को एकत्र कर उनकी पूजा अर्चना कर खिचडी भी खिलाया। टोली में युवाओं, बुजुर्गों के साथ ही बच्चों ने भी पारंपरिक राउत नाचा किया। इधर पाटन क्षेत्र के कई गांव में मातर के दौरान अखाड़ा टीमों ने करतब का प्रदर्शन भी किया। उनके हैरतअंगेज करतबों को लोगों ने खूब सराहा। वहीं पाटन में गौरी-गौरी विसर्जन के लिए निकाली गई।

## अंचल की खबरें

### मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का किया विसर्जन



**अंडा।** दीपोत्सव का पर्व दीपावली पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में विभिन्न स्थानों पर स्थापित धन की देवी मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन सोमवार को गाजे-बाजे के साथ तालाब में किया गया। इस दौरान युवाओं की टोली गाजे-बाजे की धून पर नाचते-थिरकते और मां लक्ष्मी के जयकारे की उद्दघोष के साथ प्रतिमाओं को जलाशयों तक ले गए और विदाई गीत व आरती-मंगल के बाद प्रतिमा को विसर्जित किए। इस दौरान प्रतिमा विसर्जन में शामिल युवाएं काफी उत्साहित दिखे और धार्मिक जयकारे के भक्ति-भाव में विभोर रहे। इस अवसर पर गांव के बैगा सालिक राम निर्मलकर, ईश्वरी निर्मलकर, किशोर निर्मलकर, लक्ष्मण यादव, पुक्कु देशमुख, टिकेन्द्र पटेल, अमीत निर्मलकर, खिलेन्द्र निर्मकलर, ओमू निर्मकलर, दुर्गेश यदु, लोकेश विश्वकर्मा सहित समस्त ग्रामवासी चिंगरी उपस्थित थे।

### मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद



**सेलूद।** ग्राम ढौर में दीपावली का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें यादव समाज के लोग बाजे गाजे के साथ विशेष छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में भाईचारा के साथ मनाया। साथ ही ग्राम में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कार्यक्रम रखा गया जिसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के हर प्रसाद आडिल, रोमनाथ साहू, सालिकराम साहू, साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष रामलाल साहू, राम भगत साहू, राम भरोसा साहू, किसुनराम साहू, काशीराम साहू उपस्थित होकर माताजी से आशीर्वाद मांगा।

### मां लक्ष्मी प्रतिमा स्थापित कर समृद्धि की कामना की



**सेलूद।** नवयुवक शक्ति क्लब इंदिरा चौक बावाकुटी सेलूद में स्थापित की गई मां लक्ष्मी की प्रतिमा।




# संस्कार विरासत का रोल मॉडल बने माता पिता तब संतानें हो पाएंगी संस्कारितः गौतम चंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

चौरड़िया परिवार द्वारा इस बार दीपावली मिलन समारोह का आयोजन सुरपा में किया गया। जहां चार पीढ़ी के करीब 100 सदस्यों ने अपनी उपस्थिति देकर समारोह में चार चांद लगाया। मिलन समारोह में लाजबाव व्यंजन अनेकों रोचक प्रतियोगिताओं का लुफ्त सदस्यों ने उठाया। ठहाकों के बीच संस्कार की विरासत आदान प्रदान होती गई। विदित हो कि जामगांव आर, सुरपा, ओदरागहन, बटरेल, गुण्डरदेही, भिलाई में निवासरत चौरड़िया परिवार एक छत के नीचे दीपावली और होली मिलन समारोह पूर्व चयनित स्थान पर करते हैं। जिसने छोटे से छोटा बच्चा और बुजुर्गों की एक साथ महफिल जमती है। जिसमें संस्कार की विरासत बंटती है।

- 100 सदस्यों का चौरड़िया परिवार एक साथ मनाते हैं दिवाली व होली पर्व

पूर्व जनपद सदस्य वयोवृद्ध हस्तीमल चौरड़िया, समाज सेवी पूनमचंद चौरड़िया, ममतामई गोदावरी बाई चौरड़िया, कुसुम देवी चौरड़िया, प्रथम पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं और संस्कार भरी विरासत में फल फूल रहे परिवार को देख आनंदित होते हैं। दूसरे पीढ़ी का प्रतिनिधित्व का सिरमौर गौतमचंद धरमचंद , संतोष, प्रेमचंद , सुरेश, भीखमचंद, रूपचंद, प्रमोद, विनोद, मुकेश, जितेंद्र, तरुण, नरेंद्र, जिनेश चौरड़िया आदि करते हुए संस्कार विरासत को सतत आगे उत्तरोत्तर क्रम में बढ़ा रहे है।



### 'संस्कार' विरासत का अनमोल रत्न है

भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष गौतम चंद चौरड़िया ने कहा कि संस्कार की विरासत बच्चे देखकर प्रभावी ढंग अच्छा सीख पाते हैं। माता-पिता स्वयं संस्कार के लिए रोल मॉडल बने तब संस्कार की विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी प्रभावी ढंग से बढ़ती चली जाएगी और संतान संस्कारित बन पाएंगे। उन्होंने कहा कि संस्कार विरासत का अनमोल रत्न है।

### बहुएं भी संस्कार की विरासत को गति देने में भूमिका निभाती हैं

सुरपा शासकीय हाईस्कूल शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद चौरड़िया ने कहा कि जब परिवार के 100 सदस्य एक साथ मिलते हैं संस्कार की गंगा स्वमेव प्रवाहित होने लगती है। बड़ों के चरण स्पर्श से प्रारंभ संस्कार पूर्वजों के मार्गदर्शन प्राप्त कर आगे बढ़ती हैं। अन्य परिवार से आने वाली बेटियां इस परिवार की बहू बनकर संस्कार की धारा में शामिल हो जाती है और संस्कार की विरासत को गति देने में महती भूमिका निभाती है।

### मां लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जित



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अंडा में गुढ़ी चौक में दीपावली पर्व माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा की गई। माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई। तीन दिवसीय पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन रैली निकाली गई। गली भ्रमण के बाद गांव के शीतला तालाब में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करके विसर्जन किया गया। गायक कलाकारों ने भक्ति गीतों से सेवा भजन से किया गया।




## विधायक ने अपने रेफरल आईडी से दस हजार सदस्य बनाए

# हर एक सदस्य पार्टी की असली पूंजीः ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

सदस्यता अभियान 2024 और सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों पुरई, धनोरा, उतई, डुमरडीह, कातरों, मातरो, करगाडीह में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर घर-घर पहुंचकर भाजपा के विचारों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को साझा करते हुए क्षेत्रवासियों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। जिससे संगठन को और मजबूती मिली। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से यह अभियान एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है और अपने रेफरल आईडी से दस हजार सदस्य को पूर्ण किया।



इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि आज बीजेपी सबसे बड़ा दल बनी है तो इसमें हमारी कई पीढ़ियों की तपस्या रही है। विचारधारा पर आधारित एकमात्र राजनीतिक दल बीजेपी है। हमारी सरकारें अपने विचारों पर आधारित कार्य करती हैं।

भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा को लेकर काम कर रही है वो भारत को विश्व गुरु बनाने का है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, हमारे प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है। हम पिछले कुछ वर्षों का चुनाव देखें जिसमें विधानसभा हो या लोकसभा सभी में हमारे कार्यकर्ताओं का योगदान बेहतरीन रहा। बीजेपी का कार्यकर्ता यदि निष्ठा से कार्य करता है तो उसे उसका लाभ मिलता है।

इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री राजू जंघेल, सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, शुभम वर्मा, करण सेन, कन्हैया साहू, शीतला राजपूत, विमला कामड़े, रूपेश पारख, फलेंद्र सिंह राजपूत, पिंटू, महेंद्र चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### मां लक्ष्मी का हवन पूजन कर किया प्रसाद वितरण

**सेलूद।** ग्राम महुदा में अनेक स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की थीं। वहीं नव युवक समिति के तत्वावधान में मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात मां लक्ष्मी को भोग लगाकर नव कन्याओं को भोजन प्रदान कर लोगों मे प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पुरोहित सोनू शर्मा, सरपंच मनोज साहू, पूर्व ग्राम प्रमुख रामबिशाल साहू, सावत साहू, रेखराम साहू, जोहित साहू, युगल साहू, अनिल साहू, मनोज नारंग, सुरज साहू, चेतन साहू, चंदन साहू, कमलेश ठाकुर, गंगाराम साहू, परस साहू एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

### वैज्ञानिक विधि अपनाकर किसान होंगे समृद्धः वर्मा



**सेलूद।** संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा अधिष्ठाता डॉ.अजय वर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रेवेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में रावे/ रेडी कार्यक्रम 2024-25 का उन्मुखीकरण कार्यक्रम चयनित ग्राम मटंग में शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डेगेश्वरी रमेश वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत मटंग तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ. अजय वर्मा अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय मर्रा रहे।
कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ भारती के तैलचित्र में दीप प्रज्वलित करके किया गया। अधिष्ठता डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि अंचल के किसान वैज्ञानिक विधि का प्रयोगकर समृद्ध और खुशहाल हो सकेंगे। हमारे महाविद्यालय के वैज्ञानिकों और प्राध्यापकों के सुझाव और निर्देशन में किसान तरक्की के राह पकड़ेंगे। आगे डॉ. वर्मा द्वारा आधुनिक खेती के बारे में बहुत ही अच्छा जानकारी देते हुए कहा कि खरीफ एवं रबी की खेती के प्रासंगिक तकनीक है। छात्रों व किसानों को आपसी तालमेल के साथ अपने ज्ञान एवं अनुभव का आदान-प्रदान कर कृषि के बारीकियों को सीखने के लिए प्रेरित किया और किसानों के अनुभव का भरपूर लाभ लेने के लिए छात्रों को सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कृषि उपकरणों, मॉडल और पोस्टर का प्रदर्शन किया गया।

## निधन

### रमा शर्मा

**भिलाई।** हाउस नंबर 10 बी,



सड़क 4, सेक्टर 10 भिलाई निवासी रमा शर्मा का निधन 3 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 नवंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे आरपी शर्मा की पत्नी एवं रजत शर्मा, क्षितिज शर्मा की मां थीं।

# कार्मिकों को मिल रहा सेल की अन्य इकाइयों की तुलना में कम अवकाश

## बीएसपी कर्मियों के समान छुट्टी के मामले पर 28 नवम्बर को आरएलसी रायपुर में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सेल के दूसरी यूनिटों के मुकाबले कम छुट्टी पर आरएलसी रायपुर के समक्ष मामला दर्ज कराया था। इस पर आरएलसी रायपुर ने 25 सितम्बर को सुनवाई भी हो चुकी है। इसमें उन्होंने बीएसपी प्रबंधन से जवाब मांगा था। गौरतलब है कि सेल की दूसरी यूनिटों तथा सेल अधिकारी वर्ग के मुकाबले बीएसपी कर्मचारियों को काफी कम अवकाश दिया गया है। सेल सीएमओ के कर्मचारियों को 15 सीएल, 7 आरएच /एफएल, 30 ईल सहित अन्य पर्व त्योहारों पर भी छुट्टी देता है, जबकि भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को केवल 7 सीएल, 22—24 ईएल तथा मात्र 5 आरएच ही दिया जाता है।

इसके कारण बीएसपी कर्मचारी भेदभाव के शिकार हैं। इसी को आधार बनाकर बीएकेएस यूनियन ने समान छुट्टी के लिए औद्योगिक विवाद दायर किया है। वहीं सेल अधिकारी वर्ग को 30 ईएल ,15 सीएल , 7 आर एच सहित सभी प्रमुख त्योहारो पर बंद छूट्टियों का लाभ दिया जाता है, जबकि सेल कर्मचारियों को अलग-अलग स्टैंडिंग ऑर्डर के नाम पर अलग-अलग यूनिटो में अलग-अलग छुट्टियां दी जा रही है।



### वर्षों से स्टैंडिंग ऑर्डर में संशोधन नहीं, इसलिए दिक्कत

बीएकेएस के उपमहासचिव नवीन ध्रुव बताते हैं कि वर्षों से स्टैंडिंग ऑर्डर का संशोधन नहीं होने के कारण बीएसपी कर्मियों को संयंत्र स्थापना काल की ही सुविधाएं दी जा रही है। बीएसपी कर्मियों के हितों की रक्षा का ध्यान रखते हुए वर्तमान में ऑर्डर में संशोधन जरुरी है, ताकि सुविधाओं को वर्तमान हिसाब से संशोधित कराया जा सके। इसे लेकर लगातार प्रयास भी किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक सार्थक निर्णय सामने नहीं आया है। इस वजह से हम सभी प्रयासरत भी हैं।

## विडंबना: सवा दो करोड़ से स्वीकृत हुआ है काम, लापरवाही हो रही उजागर

# भिलाई-3 सिरसा गेट से उमदा तक के गौरव पथ में लगा गड़बड़ी का धब्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में सिरसा गेट से उमदा तक जाने वाले गौरव पथ में गैस एजेंसी से लेकर जरवाय चौक तक पेवर ब्लॉक लगाया गया है। इस कार्य में 2.25 करोड़ रुपए खर्च किया गया। मगर कहीं भी विकास कार्य में करोड़ो का खर्च नहीं दिखाई दे रहा है। जिस तरह से काम होना चाहिए घटिया तरीके से किया गया है।इसमें एक खामियां खोजने पर सैकड़ों की संख्या में यहां दिख रहा है। कई स्थानों पर पूरी मार्ग समतल नहीं है। बारिश या अन्य दिनों में गिरने वाले पानी को सड़क से बाहर निकालने के लिए पेवर ब्लॉक में करीर 3 से 7 मीटर की दूरी में पाइप लगाई गई है। उसे भी कहीं सड़क के लेबल से ऊपर ही रखा गया है। साथ ही पेवर ब्लाक और सड़क के बीच करीब दो से ढाई इंच का गेप भी रखा गया है। पेवर ब्लॉक के बीच में पाइप लाइन लगाने समझ से परे है। पेवर ब्लाक लगाते समय उमदा रोड मुक्तिधाम के पास, मणिकांचन केंद्र, ड्रीम सिटी के सामने बनी दुकानें, होटल और सामाजिक भवनों के सामने के मार्ग में पेवर ब्लाक नहीं लगाया गया है। गौरव पथ निर्माण के समय धूल मुक्त मार्ग बनाने और सुबह या शाम को सैर करने के लिए निकलने वालों की सुविधा के लिए फुटपाथ बनाने का प्रस्ताव था। मार्ग के दोनों छोर पर पेवर ब्लॉक लगाया जा रहा है। नवरात्रि के पहले इसे लगाने का काम शुरू किया गया था, जो त्योहार के ठीक एक दिन पहले तक जारी रहा। काम पूरा होने को है, इससे पहले ही कमीशनखोरी खुलकर सामने आ गई है।

- भिलाई चरोदा निगम में चल रहा है गड़बड़झाले का बड़ा खेल

### जनता को सुविधा देने के नाम पर हो रही खानापूर्ति



### बिजली कंपनी को भुगतान नहीं किया

बिजली कंपनी को इसका पूरा भुगतान नहीं किया गया है। इसकी वजह से बिजली कंपनी ने निगम को हैंड ओवर नहीं किया है। गौरव पथ को वन वे बनाया गया है। इसके बीच में डिवाइडर है। इसी डिवाइडर में मार्ग को रोशन करने के लिए बिजली के खंबे लगाए गए हैं। इसमें निगम में रखे पुराने खंबो को ही लगाया गया है। बिजली फिटिंग का भी काम लगभग हो चुका है, लेकिन यह मार्ग अभी तक रोशन नहीं हो पाया है।

### पाइप भी कई स्थानों से क्षतिग्रस्त

पेवर ब्लॉक के बीच-बीच में पानी निकासी के लिए लगाए गए पाइप भी कई स्थानों टूट रहे हैं। इसकी वजह से इसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। कई स्थानों पर मार्ग की ओर निकले पाइप के हिस्से वाहनों से दबने की वजह से टूट रहे हैं। वहीं कई स्थानों पर यह इसमें क्रेक भी होने लगा है। इससे सहज ही इसके निर्माण की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके अलावा कई जगहों पर लगाए गए पेवर ब्लाक समतल जगह पर नहीं लगाया गया है जिसके कारण पेवर ब्लाक भी लगातार उखड रहे हैं।

### जांच जरूरी

इस मामले में भिलाई 3 के निवासियों और कई पार्षदों ने निगम आयुक्त और कलेक्टर से शिकायत भी की है लेकिन गड बडी की जांच नहीं होती पूरे मामले को रफादफा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रबुद्ध नागरिकों ने पेवर ब्लाक मामले की जांच कराए जाना जरूरी बताया है।

## सेल व एएससीआई हैदराबाद में अनुबंध एकेडमिक का अनुभव करेंगे साझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) हैदराबाद के बीच सोमवार को कंपनी के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में अकादमिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

यह समझौता ज्ञापन सेल के नव-पदोन्नत अधिकारियों सहित दूसरे कार्मिकों के लिए अनुकूलित प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। इस तरह के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी सेल की समग्र शिक्षा और विकास रणनीति का हिस्सा है, जिससे कंपनी के अधिकारियों को और अधिक अकादमिक अनुभव मिल सकेगा और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सकेगा। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह और एएससीआई हैदराबाद के निदेशक डॉ. निर्मल्या बागची की उपस्थिति में किए गए।

- समझौता ज्ञापन पर दिल्ली में हस्ताक्षर
- दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधि रहे मौजूद

## कनौजिया सोनार समाज की कार्यकारणी गठित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कनौजिया सोनार समाज ने संगठन विस्तार करते हुए प्रदेश में जिले स्तर पर जिला अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष की नियुक्ति गया गया है। दुर्ग जिले से अध्यक्ष उत्तम सोनी, सचिव रघुनंदन सोनी, रायपुर अध्यक्ष कमलेश सोनी, सचिव देवलाल सोनी, कोषाध्यक्ष गिरधर सोनी, भाटापारा बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष शंकर सोनी, सचिव ताराचंद सोनी, खैरागढ़, छुईखदान,गंडई अध्यक्ष रमेश बच्चन सोनी, सचिव राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष बलदाऊ सोनी को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष तारकेश्वर स्वर्णकार इनकी नियुक्ति सीजी कनौजिया सोनार समाज भिलाई तीन अनुशंसा कर प्रदेश सचिव भागवत सोनी की सहमति पर नियुक्ति की गई।

## टाउनशिप के तालाबों की सफाई को लेकर बीएसपी के अफसरों से मिला बीएमएस



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात मज़दूर संघ का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को टाउनशिप के तालाबों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर अधिकारियों से मिला। संगठन के महामन्त्री चन्ना केशवलू ने संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान कई अन्य यूनियन प्रतिनिधि मौडूद थे। बैठक में टाउनशिप के विभिन्न तालाबों में छठ महापर्व पर साफ़ सफ़ाई ,एवं प्रकाश व्यवस्था झाड़ीं कटाई सुव्यवस्थित करने के लिए गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। केशवलू ने कहा कि भिलाई टाउनशिप के हजारों लोगों द्वारा हर सेक्टर में निवास करने वाले छठ महापर्व पर पूजा के लिए आसपास के तालाबों में जाते हैं, इन तालाबों की सफ़ाई एवं प्रकाश की अच्छी व्यवस्था संयंत्र की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खुले में मांस-मछली की बिक्री छठ महापर्व पर बंद रखी जाए। जगह-जगह हो चुके गड्ढों को पाटा जाए। इस दौरान उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन, संयुक्त महामन्त्री वशिष्ठ वर्मा, जोगिंदर कुमार, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह, सचिव ए .वेंकट रमैया, नवनीत हरदेल, भागीरथी चन्द्राकर, घनशयाम साहू उपस्थित रहे।

- भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने कहा- छठ महापर्व के लिए गंभीरता जरूरी

## निगम अपर आयुक्त द्विवेदी सहित छह कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सात अधिकारी और कर्मचारियों को विदाई दी गई। प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी अपने 38 वर्षो के कार्यकाल में पूर्व साडा वर्तमान निगम भिलाई में कार्यो को सफलता पूर्वक संपादित करते हुए सेवानिवृत्त हुए। अपने अनुभव को साझा करते हुए द्विवेदी ने बताया पूर्व साडा का क्षेत्रफल बहुत बड़ा था इसलिए बहुत सारे गांव भी आते थे। नगर निगम रिसाली, भिलाई चरोदा, नगर पालिका कुम्हारी, नगर पालिका जामुल इत्यादि संयुक्त रूप से एक विशेष क्षेत्र प्राधिकरण के रूप में कार्य करता था। उस समय से हम लोगों का प्रशासन के हित में कार्य करना ही अपना उददेश्य रहता था। आज निगम भिलाई का दायरा छोटा हो गया है। नये कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को लगता है कि हमारा क्षेत्र बहुत बड़ा है। यह सच है कि अभी कार्यकाल में चुनौतियां ज्यादा है। उस समय साइकिल से पूरे क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए कार्यो को संपादित किया जाता था। तब न मोबाईल था, न ही यातायात के इतने अच्छे साधन, फिर भी कार्य सुचारू रूप से संपादन होता था।



बिदाई के दौरान पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी अजय चतुर्वेदी, मूर्ति शर्मा, गुलजार सिंह वर्मा, जयकुमार जैन, श्रवण ठाकुर, विनोद चंद्राकर, महेन्द्र यादव, तुलसी विन्दा देवांगन, वकील अहमद आदि उपस्थित होकर अपने पूर्व के अनुभव कर्मचारियो के बीच में साझा किये। 6 सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी जगन्नाथ सिंह कुशवाहा वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, चंचल शर्मा सहायक कार्यालय अधीक्षक, गीता सोनी पम्प सहायक, केशव राम सोनारे चौकीदार, सुदामा शर्मा सहायक मिस्त्री, संतोष कुमार देवांगन वाहन चालक शामिल थे। बिदाई समारोह में वरिष्ठ पार्षद एमआईसी के प्रभारी अध्यक्ष सीजू एन्थोनी, स्थापना प्रभारी अध्यक्ष संदीप निरंकारी, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी.के.वर्मा, युनियन के पदाधिकारीगण सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## बेस्ट प्लानिंग का मिला परिणाम

# बीएसपी में प्लेट मिल ने रचा नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी के प्लेट मिल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्लेट मिल ने अक्टूबर 2024 में एक लाख सत्रह हजार पांच सौ अडसठ टन का डिस्पैच कर वर्ष 2022 के अक्टूबर माह में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड एक लाख सत्रह हजार चार सौ पचास टन को पार किया।

संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान शिपिंग यार्ड की मैपिंग के दौरान नई आईटी तकनीक का भरपूर उपयोग किया गया, जिससे टेबलेट के माध्यम से त्वरित दस्तावेज बनाए जा सके। इसमें सीएंडआईटी टीम की भूमिका अहम रही। सम्पूर्ण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण चुनौती यह थी कि बीएसपी के सभी ग्राहकों की प्लेटों की मांग को समय पर पूरा किया जा सके। संयंत्र द्वारा उत्पादित प्लेट के लगभग एक सौ सडतालीस ग्राहक है जिन्हें रेलवे एवं रोड परिवहन के माध्यम से प्लेट मिल से शिपिंग की जाती है। अक्टूबर माह में षिपिंग की गई प्लेट में रेलवे को एक हजार टन, विभिन्न प्रोजेक्ट ग्राहकों को दस हजार टन, भेल को चार हजार पांच सौ टन, कोचीन शिपयार्ड को छः सौ तेरह टन तथा एमएसएमई ग्राहकों को पांच हजार टन प्लेट की आपूर्ति शामिल हैं।



### योजनाबद्ध तरीके से काम करने से मिली उपलब्धि

शिपिंग की टीम ने मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा की प्रेरणा से योजनाबद्ध तरीके से काम किया गया। महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी व गुरमीत सिंह, सी पद्मनाभन, अनिल कुमार जैन ने कुशलता से अपनी टीम का नेतृत्व किया। चंद्रेश झा ने योजनाबद्ध ढंग से निरंतर सहयोग दिया। साथ ही सुधीर कुमार की टीम भी हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रही। बेहेरा ने टीम के कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्लेट मिल चुनौतियों को पार कर नए कीर्तिमान बनाएगी।

## भीम मेला के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात



**भिलाई।** सविधान दिवस के अवसर पर कोसा नगर सुपेला में जय भीम मेला में अतिथि के रुप में शामिल करने विधान सभा अध्यक्ष रमन सिंह को आमंत्रित किया गया है। आयोजन बौद्ध कल्याण समिति द्वारा किया जा रहा है। उक्त मेला 25 से 26 नवम्बर को प्रति वर्ष कोसा नगर बुद्ध भूमि परिसर सुपेला में होगा। यह आयोजन का 35 वा वर्ष है। मेला समारोह समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेंडे के अध्यक्षता में कार्यक्रम होगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह होंगे। इनसे भेंट कर कार्यकम में आने आमंत्रित किया गया है। इस दौरान समिति अध्यक्ष नरेंद्र शेंडे, सचिव ज्ञानचंद टेमबुरकर, सहसचिव गौतम डोंगरे, घनश्याम गनवीर,प्रदेश सचिव राजेश वंजारी मौजूद थे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 5 नवंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02

इस्कॉन में धूमधाम के साथ मनाया गिरिराज महोत्सव

## एजुकेशन इवेंट

### ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा 14 से, 27 हजार आवेदन मिले

**भिलाई।** ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा 14 नवंबर से शुरू होगी। पहले, बारहवीं की परीक्षा 11 नवंबर से और दसवीं की 13 नवंबर से होने वाली थी। लेकिन प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के कारण परीक्षा तारीख में बदलाव किया गया। अब दोनों परीक्षाएं 14 नवंबर से होगी जो 29 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इनके पिछले दिनों आवेदन मंगाए गए थे। करीब 27 हजार आवेदन मिले हैं। ओपन स्कूल की एक साल में यह तीसरी बार परीक्षा होगी। पहली परीक्षा मार्च-अप्रैल में हुई थी। दूसरी परीक्षा अगस्त में और अब तीसरी नवंबर में आयोजित की जाएगी। इससे पहले एक बार 2014 में ओपन स्कूल की एक साल में तीन बार परीक्षा हुई थी। इनमें से दो परीक्षा अवसर के रूप में थी, जिसमें सिर्फ फेल हुए छात्र शामिल हुए थे। यह पहली बार है, जब एक साल में तीनों मुख्य परीक्षा के रूप में हो रही है। इससे पहले फेल के साथ नए छात्र भी शामिल हो रहे हैं। आगे भी एक साल में तीन बार परीक्षा होगी। दरअसल, ओपन स्कूल ने नियमों में संशोधन किया है। इसके अनुसार हर साल तीन बार परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### बाल संरक्षण अधिकारी व डेटा ऑपरेटर के 60 पदों पर भर्ती

**भिलाई।** महिला बाल विकास विभाग के छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए विभाग की ओर से विज्ञापन जारी किया गया है। दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, बस्तर, कांकेर, सुकमा, महासमुंद, बालोद समेत प्रदेश के कई जिलों में 60 से ज्यादा पदों पर भर्ती होगी। बता दें कि पूर्व में लिए गए आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। नई भर्ती में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, विधिक सह परीवीक्षा, सामजिक कार्यकर्ता, लेखापाल, सहायक सह डेटा एंट्री ऑपरेटर, आउटरीच वर्कर जैसे विभिन्न पद शामिल हैं। इन पदों पर अभ्यर्थी 28 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को महिला बाल विकास विभाग के संबंधित जिला कार्यालय में स्पीड या डाक के माध्यम से आवेदन भरकर भेजना होगा। इन सभी पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की उम्र 21 से 35 के बीच होना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी ही इन पदों पर आवेदन के पात्र होंगे। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी होगी। उसके आधार पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार और कौशल परीक्षा के लिए चयन सूची जारी की जाएगी। आवेदन पत्र, शैक्षणिक योग्यता और इससे संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट cgwed.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

## सिटी इवेंट

### जेईई मेनः सेक्शन बी में इस बार 5 सवाल, आवेदन 22 नवंबर तक

**भिलाई।** जेईई मेन पहले चरण के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए 22 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। पिछले दिनों एनटीए की ओर से शेड्यूल जारी किया गया है। इस बार एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब समान अंक आने पर छात्रों को समान रैंक मिलेगी। इसी तरह इस साल सेक्शन बी में ऑप्शनल सवाल समाप्त कर दिया गया है। अब दस की जगह 5 सवाल पूछे जाएंगे और सभी का जवाब देना जरूरी होगा। पहले चरण में जेईई मेन 22 से 31 जनवरी के बीच आयोजित की जाएगी। इसका रिजल्ट 12 फरवरी को जारी होगा। वहीं दूसरे चरण की परीक्षा 1 से 8 अप्रैल के बीच होगी। इसके नतीजे 17 अप्रैल को जारी होंगे। दूसरे चरण के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 31 जनवरी से शुरू होगी। आईआईटी समेत देश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती है। जेईई मेन को लेकर विस्तृत जानकारी एनटीए की वेबसाइट पर जारी की गई है। एग्जाम को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो।

### रायगढ़ में 4 से अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

**भिलाई।** रायगढ़ में 4 से 12 दिसंबर के मध्य सेना भर्ती का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। सेना भर्ती कार्यालय ने 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ में स्टेडियम में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया है। दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समेन की भर्ती की जाएगी। प्रवेश पत्र www.joinindianarmy. nic.in और अभ्यर्थियों के ई-मेल पर भेज दिए गए हैं। इस बारे में अधिकारी जानकारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर स्थित कार्यालय अथवा 0771-2965212 पर संपर्क कर ली जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग के अभ्यर्थियों को रोजगार कार्यालय के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। दुर्ग से करीब 3500 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। उन्हें अलग-अलग तारीख में बुलावा भेजा गया है। साथ ही संपर्क माध्यम और वेबसाइट के माध्यम से अपडेट रहने कहा गया है।

■ दुर्ग-भिलाई के आवेदक भी होंगे शामिल, गाइडलाइन जारी की गई

### आबकारी विभाग में केमिस्ट के पद की निकली वैकेंसी, 29 तक करें आवेदन

भिलाई। आबकारी विभाग में केमिस्ट के पद के लिए वैकेंसी निकली है। फिलहाल सिर्फ एक पद की वैकेंसी निकली है। इन पदों के लिए ऑफलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आबकारी विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन भरने के बाद उसे विभाग का पता, आबकारी विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर पर डाक या स्पीड पोस्ट से भेजना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 29 नवंबर तक है। अभ्यर्थी **excise.cg.nic.in** पर जाकर आवेदन पत्र और विस्तृत जानकारी देख सकते हैं।

● जापान और फिलिपींस के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी सेवाकेंद्र निदेशिका रजनी दीदी पहुंची भिलाई

# हर पल भूकंप के झटके महसूस करने वाला जापान आज मेडिटेशन से जुड़ सुख-शांति की ओर बढ़ रहा

**हिरोशिमा व नागासाकी के दुखद हादसे के बाद भी जापान के लोगों में अभ भी उसका प्रभाव है। भले ही वे अपनी कर्मठता के गुण से देश को भौतिकता की चरम सीमा पर पहुंचाने में सफल रहे। बावजूद वे कुछ पल की सच्ची शांति, खुशी व आत्मिक स्नेह को खोजते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था के संपर्क में आए। उनमें आशा की किरण जगी और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से जीवन में निश्चिंतता और भारतीय संस्कृति और सात्विक भोजन को अपने जीवन में अपनाते चले गए। जापान और फिलिपींस जैसे सेवाकेंद्रों की निदेशिका रजनी दीदी ने सेक्टर-7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में उक्त बातें कहीं।**

**भिलाई।** रजनी दीदी ने कहा कि जापान में भूकंप प्राय आते ही रहते हैं, लेकिन उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े सदस्यों और ब्रह्माकुमारी बहनों के बोल, व्यवहार, हर्षितमुखता और विषम परिस्थितियों में निश्चिन्तता को देखकर बहुत प्रभावित हुए। राजयोग मेडिटेशन को न केवल सीखकर बल्कि प्रतिदिन इसे अपने जीवन का अंग बनाया।राजयोग मेडिटेशन से न सिर्फ जापान बल्कि समस्त विश्व की मनुष्यात्माएं निराकार परमात्मा शिव से जुड़कर अपने जीवन में सुख-शांति शक्तियों की प्राप्ति की और बहुत से लोग लगातार इस मेडिटेशन से जुड़ भी रहे। उनके प्रवचन से पहले भिलाई के सदस्यों उनका भव्य स्वागत किया। जापान से आईं राजयोगिनी रजनी दीदी, जोन की क्षेत्रीय निदेशिका हेमलता व अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंटआबू ज्ञानसरोवर से पधारी संगीता दीदी, शांति सरोवर रायपुर की संचालिका सविता दीदी का भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका आशा दीदी ने स्वागत किया।





**राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से विश्व के सभी मनुष्यात्माएं परमात्मा से जुड़ सकती है**

### डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने प्रस्तुत किया स्वागत नृत्य



इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य व लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इसमें भिलाई की शान भिलाई स्टील प्लांट की विशेषताओं को सराहते हुए गीत के साथ प्रस्तुति दी गई। साथ ही साथ भारत देश की विविधता भिलाई मिनी इंडिया की विशेषता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रांतों के गुण-गान करते हुए प्रतिनिधियों द्वारा पारंपारिक नृत्य पेश किया गया। इसमें विशेष छत्तीसगढ़ प्रांत व जापान देश के बीच की समानताओं को प्रस्तुत किया गया।

### फिलीपींस देश में की गई सेवाओं के भी अनुभव साझा किए

इस अवसर पर रजनी दीदी ने फिलीपींस में बिताए अपने समय को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्म की तलाश में हर व्यक्ति रहता है। बस उसे इसका बोध कराने वाला चाहिए। ब्रह्मकुमारी द्वारा लगातार इसे लेकर सत्संग और मेडिटेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आध्यात्म का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। दुर्ग और भिलाई में भाई और बहनों की संख्या देखकर यह परिलक्षित हो रहा है, कि किस स्तर पर लोग मेडिटेशन से जुड़ रहे हैं।

# जिला पंचायत में छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर दीपोत्सव

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की तैयारियां जिले में भी चल रही है। सोमवार की शाम जिला पंचायत में दीप जलाकर आयोजन का आगाज किया गया। आयोजन में जिला पंचायत सदस्य और अधिकारी प्रमुख रूप से शामिल हुए। सोमवार को ही जिले के सभी 304 ग्राम पंचायतों में भी दीप जलाए गए। साथ ही छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की बधाई दी गई। आयोजन में सीईओ बजरंग दुबे, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन प्रमुख रूप से मौजूद थीं। माया बेलचंदन ने कहा हम सब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आभारी हैं, जो छत्तीसगढ़ स्थापना के सूत्रधारी रहे हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि छत्तीसगढ़ दिन प्रतिदिन प्रगति के पथ पर बढ़ता जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की दीदीयों ने राज्य स्थापना के अवसर पर दीप प्रज्जवल किया। इस अवसर में उपसंचालक पंचायत काव्या जैन, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत स्वप्नि ध्रुव, सुनील कुमार बिहान सहित अन्य मौजूद थे।



# मेरिट के आधार पर मिलेगी ज्ञान प्रोत्साहन छात्रवृत्ति, आवेदन ऑनलाइन

**भिलाई।** सीजी बोर्ड में मेरिट सूची में आने वाले और अन्य प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024-25 के अंतर्गत छात्रवृत्ति जारी की जाएगी। इसके लिए सीजी बोर्ड से प्राप्त मेरिट सूची 23 अक्टूबर को दुर्ग सहित प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। विद्यार्थियों के पंजीयन/सत्यापन हेतु पोर्टल पर लिंक भी शेयर किया गया है। इसमें दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं। इसमें राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल school scholarship .cg.nic.in के होम पेज पर मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024-25 का प्रावधान उपलब्ध कराया गया है। जहां से मेरिट के विद्यार्थियों की सूची भी देखी जा सकती है। बोर्ड परीक्षा के रोल नंबर का उपयोग कर विद्यार्थी स्वयं पंजीयन कर आवश्यक प्रमाण पत्र अपलोड कर सकेंगे। 12वीं कक्षा की स्थिति में योजना की शर्तों के तहत महाविद्यालयीन संस्था में अध्ययनरत होना आवश्यक है। इस हेतु पोर्टल पर उपलब्ध बोनाफाइड प्रमाण पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर संबंधित संस्था से प्रमाणित कर महाविद्यालयीन संस्था की फीस की रसीद के साथ पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। बैंक खातों की जानकारी भरेंगे। अंतरिम मेरिट सूची प्रकाशन उपरांत नियत समय सीमा में संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष दावा आपत्ति की जा सकेगी, जिसका निराकरण एक सप्ताह में किया जाना होगा। इसके बाद 9 दिसंबर तक अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

■ शासन ने भेजी मेरिट सूची

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 28 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहे

# महाराष्ट्र में गौ-माता को राज्यमाता बनाया जा सकता है तो छग में क्यों नहीं: शंकराचार्य



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहे। इस दौरान वे बोरियाकला स्थित आश्रम भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार जब गौ को माता घोषित कर सकती है, तो छत्तीसगढ़ सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती। इस गोपाष्टमी को छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को इस विषय पर विचार कर निर्णय लिया जाना चाहिए। ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ में गौ-माता को राज्यमाता घोषित करने की मांग भी सरकार से की है।



### बोरियाकला में धर्मसभा का आयोजन

बोरियाकला आश्रम में शंकराचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जल्द ही गोपाष्टमी आ रही है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गौ माता को राज्यमाता घोषित कर दें। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वह काम कर दिखाया है, जो छत्रपति शिवाजी ने किया था। पहली बार हिंदुत्व की स्पष्ट विचारधारा रखने वाला ऐसा नेता हमारे सामने आया है, जिसने सचमुच महा-राष्ट्र बना दिया है। हम गौ-माता को राष्ट्रमाता बनाने का अभियान लेकर पूरे देश की यात्रा पर निकले थे। लेकिन गौ-माता राष्ट्रमाता के बजाए महाराष्ट्र की माता हो गई। इस विषय को लेकर पिछले लंबे समय से सनातनी अभियान चला रहे हैं, लेकिन अब भी कई राज्यों में गायों को गौमाता का दर्जा नहीं मिल पाया है। हमारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### कवर्धा के मुस्लिम धर्मावलंबी बना रहे प्रस्ताव

शंकराचार्य ने कहा कि कवर्धा के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुझे फोन पर बताया कि समाज के लोग गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने का प्रस्ताव बना रहे हैं। कम से कम उनकी भावनाओं का तो आदर करना चाहिए। अब हम पूरे देश में जाकर मतदाताओं को संकल्प दिला रहे हैं कि चुनाव में जो गाय की रक्षा के लिए शपथ पत्र देगा, हम वोट उसी को देंगे। जब तक गाय को पशु की श्रेणी में रखा जाएगा। तब तक इसे निराश्रित और बेसहारा कहा जाएगा। हमारी केंद्र सरकार से मांग है कि गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए।

### 28 अक्टूबर को हुआ था छत्तीसगढ़ आगमन

शंकराचार्य का 28 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आगमन हुआ था। 28 और 29 अक्टूबर को वे बिलासपुर में रहे। इसके बाद 30 अक्टूबर को उन्होंने सलधा में धर्मसभा की। साथ ही गुरु दीक्षा दी। 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को वे कबीरधाम में रहे, जहां उन्होंने धर्मसभा का आयोजन किया। 2 नवंबर को वे बोरियाकला में रहे, जहां से प्रयागराज होते हुए सोमवार को वे काशी पहुंच गए। ब्रम्हचारी महाराज ने बताया कि उन्होंने दीपावली छत्तीसगढ़ में मनाई। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उनके आगमन पर सभी धर्मप्रेमी उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे।

### सलधा में आयोजित कार्यक्रम में भी हुए शामिल

शंकराचार्य सलधा में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कथा व्यास के माध्यम से कहा कि गौ माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का निवास है। गौ सेवा ही असली राष्ट्र सेवा है। भाई-बहन वे ही होते हैं, जो एक मां- बाप की संतान होते हैं, लेकिन हम सबके माता-पिता तो अलग हैं। हम भाई और बहन तभी बन सकते हैं जब हमारी माता एक हो, तो वह कैसे संभव है। वह संभव है जब हमारी माता गौ माता हो। इस अवसर पर स्थानीय विभूतियों को शंकराचार्य ने सम्मानित किया। आयोजन के बाद शंकराचार्य अगले दो दिन रायपुर में रहे।

## सिटी इवेंट

# पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि स्पर्धा के लिए महिला टीम रवाना




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. वॉलीबॉल महिला टीम 6 से 10 नवबंर तक कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ओडिसा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई। खेल संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय, हुडको भिलाई में आयोजित किया गया था। टीम के खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर से मुलाकात की व खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, जूता व ड्रेस प्रदान किया गया तथा कुलपति ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, डॉ. सुमीत अग्रवाल, सुशील गजभिये एवं हिमांशु मण्डावी उपस्थित रहे। इस टीम की मैनेजर रिन्सी बी. अब्राहिम सहायक प्राध्यापक, सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा, भिलाई व कोच संध्या पदम पोलिस विभाग राजनांदगांव है।

- सत्र 2023-24 में हेमचंद यादव विवि, दुर्ग की वॉलीबॉल महिला टीम भुवनेश्वर में लेगी हिस्सा

## एजुकेशन लाइव

# आयुर्वेद दिवस पर हुई क्वीज व पोस्टर स्पर्धा, मिली जानकारी

**भिलाई।** स्वरूपानंद महाविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा आयुर्वेद दिवस के अवसर पर क्विज़ और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको में किया गया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी इंडिया के सहयोग से नौवे आयुर्वेद दिवस के अवसर पर क्विज़ और पोस्टर प्रतियोगिता की इस वर्ष की थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदिक नवाचार रखी गई थी। जिसमें विशेष रूप से गैर-संचारी रोगों और एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध से निपटने पर जोर दिया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, वृद्धावस्था और मानसिक स्वास्थ्य, पोषण संबंधी विकारों जैसी चुनौतियों का समाधान करना, साथ ही निवारक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना था।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दृष्टिकोण का समर्थन करना भी था। कार्यक्रम की संयोजक एवं माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. शमा ए. बेग ने अपने विचार साझा किए और प्रतिभागियों को इस क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। क्विज़ में प्रतिभागियों से अनेक प्रश्न पूछे गये , जिसमें कौन सा देश आयुर्वेद को एलोपैथी के साथ अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का आधिकारिक हिस्सा मान चुका है और मस्तिष्क स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए मुख्य आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी कौन सी है। इन प्रश्नों के माध्यम से छात्रों को आयुर्वेद के वैश्विक स्वास्थ्य में योगदान के बारे में जागरूक किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्र-छात्राएं विषय ज्ञान का आंकलन कर पायेंगे, ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर कराए जाने चाहिए। कार्यक्रम में स.प्रा. योगिता लोखंडे व स.प्रा. समीक्षा मिश्रा सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग का विशेष योगदान रहा। यह प्रतियोगिता आयुर्वेद की अद्वितीयता और इसकी व्यापक संभावनाओं को उजागर करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## समाज इवेंट

# 1200 किमी का सफर साइकिल से कर लौटे सेवानिवृत्त अधिकारी



**भिलाई।** आर्मी से रिटायर हुए सूबेदार गेंद लाल साहू अपने बेटे हर्ष कुमार साहू के साथ दिल्ली से साइकिलिंग करते हुए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग पहुंचे। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्र के नेतृत्व में शिक्षकों एवं छात्रों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य ने किया। छात्र-छात्राओं ने भारत माता की जय का नारा लगाया। गेंद लाल साहू ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय दुर्ग एक अग्रणी शिक्षण संस्था है यहां पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। सेवानिवृत्त सूबेदार गेंद लाल साहू ने छात्र-छात्राओं के साथ बात करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन आवश्यक है। अनुशासन से जीवन सफलता को प्राप्त कर सकते हैं।

हर्ष कुमार साहू ने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ हम लोगों को शारीरिक फिटनेस पर भी ध्यान देना चाहिए। फिटनेस के बिना आर्मी में चयन नहीं हो सकता। हम सबको आर्मी के माध्यम से भारत माता की सेवा करने का अवसर मिलता है। डॉ अजय ने आर्य ने विद्यालय की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एमके बोरकर, सतीश धीवर, ज्योति, सुरेश कुमार, रिखेंद्र, अल्तमश, मुख्य अध्यापक कमल सोनी सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

- केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य शिक्षक तथा छात्रों ने किया स्वागत

---

● नहाय खाय से शुरू होगा छठ महापर्व, कल होगा खरना

# नहाय खाय से आज होगी 4 दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत, नदियों का जल लेकर निकाली कलश यात्रा

**भिलाई।** चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुवात आज नहाय खाय के रस्म के साथ शुरुआत हो जायेगी। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को संतान की दीर्घायु के लिए किया जाने वाला 36 घंटे के निर्जला व्रत का पहला अर्ध्य गुरुवार की शाम को ढलते सूर्य को दिया जाएगा। जिसकी शुरुवात आज यानी मंगलवार को कार्तिक माह के चतुर्थी तिथि को नहाय खाय से होगी। दूसरे दिन 6 नवंबर को खरना, 7 नवंबर को अस्त होते हुए सूर्य को अर्घ्य यानी मुख्य पूजा और मुख्य छठ पूजा के दिन 36 घंटे का निर्जला व्रत किया जायेगा। 8 नवंबर को चौथे दिन उदयमान सूर्य को अर्घ्य देकर इस व्रत का समापन होगा।

### कल शाम को रिसियाव का प्रसाद करेंगे ग्रहण

सेक्टर 2 निवासी माधुरी सिंह ने बताया कि इस दिन सूर्य उदय से पहले उठ जाएं और संकल्प लें, हम इस व्रत को करेंगे। कल पंचमी तिथि को श्रद्धालु दिन भर उपवास रहकर शाम को खरना की परंपरा को निभाएंगे। जिसमें गुड़ से बनी खीर (रिसियाव) व पूरी आदि का प्रसाद ग्रहण कर व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। खरना की रस्म में लोग अपने घरों में रिसीयाव का प्रसाद ग्रहण करने लोगो को निमंत्रण भी देते है ताकि छठ माता का प्रसाद सभी ग्रहण कर सके।



### नदियों के जल से शुद्ध होकर की जाएगी नहाय खाय की रस्म

ज्योतिषाचार्य पण्डित विनोद चौबे, शांतिनगर ने बताया की ज्योतिष के अनुसार इस वर्ष छठ महापर्व व्रतियों के लिए बेहद शुभप्रद है। आत्मबली सूर्य ग्रह संतान को सुदीर्घता प्रदान करेंगे वहीं धन, ऐश्वर्य और वैभव के ग्रह शुक्र छठव्रतियों को समृद्धि और बुध सौभाग्य प्रदान करेंगे। नहाय खाय की रस्म का मतलब तीर्थो की महत्ता को बढ़ाना है। जिसमें किसी धार्मिक स्थल की नदियों के जल से स्नान कर शुद्ध होकर व्रत का संकल्प लिया जाता है। पं चौबे ने बताया कि मुदगल ऋषि ने माता सीता को अपने यहां यह व्रत करने आमंत्रित किया था। इसका वर्णन वाल्मिकी रामायण में मिलता है। इस व्रत को करने से व्रतियों का खोया हुआ अधिकार और घर परिवार में सुख-समृद्धी की प्राप्ति होती है। इसलिए महाभारत काल में द्रोपति ने भी यह व्रत किया था। शास्त्रों में इसका उल्लेख किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि छठ्ठ पर्व में सूर्य के साथ उनकी पत्नी ऊषा की पूजा की जाती है जो पूरी आस्था के साथ शक्ति का प्रतीक है इसलिए इस पर्व में प्रकृति के साथ शक्ति की पूजा होती है। इस व्रत में पूड़ी, सोहारी के अलावा जमीन के अंदर लगे कंद जैसे शकरकंद, मूल मूली, शलजम, अदरक तथा वृक्षों पर लगे फल नींबू, सीताफल, सेव, केला, अनार, नारियल एवं बांस की बहंगी तथा पीतल का सूप आदि का प्रयोग होता है।



### आज सात्विक भोजन ग्रहण कर छठ व्रत के लेंगे संकल्प



छपरा बिहार की मूल निवासी सेक्टर 1 में निवासी अनीता सिंह ने बताया कि चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुवात करने व्रती आज सुबह नहा धोकर शुद्ध वस्त्र धारण कर सात्विक भोजन ग्रहण कर नहाय खाय की रस्म के साथ चार दिवसीय व्रत का संकल्प लेकर शुरुआत करेंगे। इसी दिन से लोग स्नान कर शुद्धता के साथ ठेकुवा बनाने के लिए गेहूं को धोकर चींटी, पक्षी आदि से बचाने दिनभर अनाज की देखरेख भी करेंगे। साथ ही घर पर चने की दाल, कद्दू या लौकी की सब्जी सहित चावल आदि प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे।



### 51 नदियों का जल लेकर विधायक ने निकाली कलश यात्रा, हुई गंगा आरती

51 पवित्र नदियों का जल कुंड कलश सिर पर लेकर विधायक रिकेश सेन जलेबी चौक से पावर हाऊस, शीतला मंदिर, मिलन चौक, बैकुंठ नगर होते हुए पदयात्रा करते बैकुंठ धाम पहुंचे। इस दौरान हजारों महिलाओं ने आरती उतार पुष्प वर्षा कर कलश कुंड यात्रा का अभिनंदन किया। यह यात्रा शाम को बैकुंठधाम सूर्यकुण्ड गंगा धाम पहुंची। पदयात्रा का विशाल जनसमूह ने सामूहिक स्वागत किया। यहां छठी मैया का अभिषेक कर कुंड का जल सूर्यकुण्ड में समाहित कर भव्य गंगा आरती की गई। इस कलश यात्रा में बैकुंठधाम के संस्थापक राजेंद्र अरोरा की मुख्य भूमिका रही। शाम की गंगा आरती कान्हा महाराज ने संपन्न कराई गई।



---

## 501 प्रकार के भोग किया अर्पित

# इस्कॉन में धूमधाम के साथ मनाया गिरिराज महोत्सव

**भिलाई।** दुर्ग इस्कॉन प्रचार केन्द्र में गिरिराज महा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रचार प्रमुख दुर्ग अनंत श्याम दास प्रभु के मार्गदर्शन में इस महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गिरिराज गोर्वधन 51 किलो चावल से अन्नकूट तैयार किया गया और 21 किलो हलवे से चरण चिन्ह बनाए गये थे और भक्तों द्वारा 501 प्रकार के भोग अर्पित कर गिरिराज गोवर्धन की भव्य पूजा अर्चना की गई एवं गिरिराज जी की कथा का विशेष वर्णन किया गया।



### परिक्रमा, दीपदान और महाप्रसाद का वितरण

इस महोत्सव के दौरान गिरिराज जी की महाआरती ओर हरे कृष्ण महामंत्र के साथ भव्य हरिनाम कीर्तन किया गया। परिक्रमा का धार्मिक महत्व बताते कहा कि इसमें भाग लेने 100 अश्वमेध यज्ञ के बराबर फल प्राप्त होता है। कार्यक्रम लगभग 500 से अधिक भक्त शामिल हुए। समस्त भक्तों के द्वारा यशोदा दामोदर, जगन्नाथ, गौर निताई और गिरिराज गोवर्धन का दीपदान किया गया।

### भक्तों की रही सहभागिता

इस महोत्सव में दुर्ग भिलाई एवं रायपुर से भक्त शामिल हुए। उपस्थित भक्तों में कीर्तनानंद प्रभु, संकीर्तन चैत्यन प्रभु, सत्ययुग प्रभु, लवकुश प्रभु, अखिलआत्मानंद प्रभु, राज प्रभु, हर्ष प्रभु, रोहिनीतन्ये प्रभु, नेहरू प्रभु, एवं अन्य भक्तों के सहयोग से कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।



### अन्नकूट महाप्रसाद का वितरण

इस आयोजन के अंत में सभी भक्तों को अन्नकूट महाप्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें भक्तों ने भगवान गिरिराज गोवर्धन के चरणों में अर्पित किए गए विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। महोत्सव में आए भक्तों ने अपने जीवन में इस अवसर को अनुभव करने का आनंद प्राप्त किया और गिरिराज जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

---

## विश्व सैक्सोफोन दिवस कल

# सैक्सोफोन पर छग, महाराष्ट्र व मप्र के सैक्सोफोनिष्ट देंगे प्रस्तुति



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के बैनर तले बुधवार को विश्व सैक्सोफोन दिवस के उपलक्ष्य में यश यदु म्यूजिशियन ग्रुप द्वारा लाइव बैंड पर साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या का आयोजन दुर्ग के श्री गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति पुराना गंज मंडी के प्रांगण में शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक तक रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव, अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल और पूर्व विधायक अरुण वोरा उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा विशेष आमंत्रित अतिथियों में रामफल शर्मा, डॉ मानसी गुलाटी, संजय रुंगटा, अशोक राठी, कैलाश बरमेचा, डॉ रौनक जमाल, राजेश राजा, अतुल बाजपेई, विनीत बंसल उपस्थित रहेंगे।

### सैक्सोफोन पर कलाकार देंगे प्रस्तुति

मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में पहली बार खुले मंच पर सैक्सोफोन पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम साज की आवाज में छत्तीसगढ़ के स्टार सेक्सोफोनिस्ट अनिल केमें, प्रमोद केमें गोंदिया महाराष्ट्र के सेक्सोफोनिस्ट परेश लोखंडे एवं बालाघाट मध्यप्रदेश के सैक्सोफोनिष्ट राजन वंशकार द्वारा सैक्सोफोन पर संगीतमय गीतों की लाजवाब प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय संध्या में छत्तीसगढ़ के चुनिंदा एवं प्रसिद्ध गायक कलाकार देवव्रत राय, पूर्वा श्रीवास्तव, डॉ सुभद्रा श्री, जानकी रमैया, स्टार बाल गायिका श्रीजा दलाल, पुष्पांजलि हिरवानी द्वारा मनमोहक गीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन एंकर तुलसी सोनी द्वारा किया जाएगा।

### संगीत से जुड़ी हस्तियों की रहेगी उपस्थिति

छत्तीसगढ़ में पहली बार खुले मंच पर हो रहे सैक्सोफोन पर आधारित साज की आवाज के आयोजन को लेकर दुर्ग-भिलाई के संगीतप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रम में भजन एवं गजल सम्राट प्रभंजय चतुर्वेदी, दीपेंद्र हलधर, पीटी उल्लास, बांसुरी वादक, दुष्यंत हरमुख, सुप्रियो सेन, रायपुर के विश्वास केशकर, बाबा खान, बजरंग बंसल के अलावा गीत संगीत से जुड़े रायपुर,भिलाई,दुर्ग के आयोजकों एवं म्यूजिशियन भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संरक्षक दाऊ चंद्रिकदत्त चंद्राकर, रमन सिंह, सदस्य ललित वर्मा, अजय झग्गर साहू, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान, अनिल शर्मा, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी एवं अन्य लोग सक्रियता से लगे हुए हैं।

---

## कार्नर न्यूज

## 10 नवंबर तक चलेगा अभियान, जुड़ रहे शिक्षक और प्रबुद्धजन

# खुशी दे करके खुश होना आराधना के समान आर्य समाज ने चलाया खुशी बांटने का अभियान



**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर 6 के नेतृत्व में खुशी बांटने का अभियान चलाया जा रहा है। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग एवं प्रवीण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया यह अभियान 10 नवंबर तक चलेगा। जिसमें कई शिक्षक व प्रबुद्धजन जुड़ रहे है।इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा प्रकाश खुशी और आनंद का प्रतीक है। जैसे एक दीप दूसरे दीप को जलाता है ठीक उसी तरह से एक समर्थ मनुष्य को दूसरों को खुशी देने की कोशिश करनी चाहिए। दूसरों को खुशी देना आराधना से कम नहीं है। भक्ति शब्द जिस संस्कृत शब्द से बना है उसका मूल अर्थ सेवा ही है। नर (मानव) को नारायण समझकर सेवा करना सच्ची पूजा है।



### स्वयं करें या हमसे जुड़े

आर्य समाज ने इस अभियान को चलाते हुए कहा कि आओ बांटे खुशियां उनके साथ जिनके पास कम है। स्वयं करें या हमारे साथ जुड़े। आचार्य ने बताया की यह जरूरी नहीं है कि हम ही यह काम करेंगे, अगर सामर्थ्य लोग हैं तो स्वयं भी अपने स्तर पर अपने आसपास खुशियां बांटने का अभियान चला सकते हैं। किसी भी रूप में किसी का सहयोग करना दीपावली के अवसर पर अनजान लोगों और जरूरतमंदों को मिठाइयां देना आदि कार्य किया जा सकता है। खुशी बांटने के अभियान का नेतृत्व आचार्य अंकित शास्त्री डॉ. आचार्य अजय आर्य कर रहे है साथ ही आशुतोष सिंह भी साथ रहे। खुशी बांटने का अभियान पांच बिल्डिंग से आरंभ होकर सेक्टर 5, सेक्टर 6, आस्था वृद्धाश्रम, सेक्टर 8, सेक्टर 6 सांई बाबा मंदिर पहुंचा। इस अभियान के तहत बिस्किट, फल, मिठाइयां, नमकीन आदि बांटे गए।

### जरूरतमंदों के चेहरों पर दिखी खुशी

डॉ अजय आर्य ने बताया कि जब हम सेक्टर 6 पहुंचे तो वहां पर हाथ साइकिल चलाते हुए एक वृद्ध विकलांग जा रहे थे। हमने कार से हाथ देकर उसे रोका और उसके हाथ में एक मिठाई का डिब्बा रखा उस व्यक्ति के चेहरे पर अलग ही खुशी दिखाई दी। उस व्यक्ति ने आशिर्वाद दिया। इस अभियान में आर्य समाज के सदस्यों के अतिरिक्त प्रबुद्ध नागरिक एवं शिक्षक भी जुड़ रहे हैं। अनजान लोगों की निस्वार्थ भाव से सहायता करने का आनंद अलग ही है।इस अभियान में संजीव भल्ला, धर्मपाल खंडूजा, सुशीला सिंन्हा, परमवीर भल्ला, प्रकाश डोनेडे, राजकुमार भल्ला, रवि आर्य, सुदर्शन गुप्ता, आशुतोष सिंह, रोशनी सहित अनेक जन लगातार जुड़ कर सेवा कार्य करने में लगे हुए है।



ज्योतिष

## राशि परिवर्तन राजयोग बनने से इन राशियों की चमकेगी किस्मत



वैदिक ज्योतिष शास्त्र में गुरु और शुक्र दोनों ही ग्रहों का विशेष महत्व होता है। गुरु जहां ज्ञान, संतान और धन के कारक माने जाते है तो वहीं शुक्र सुख, सौंदर्य और भोग-विलास के कारक ग्रह होते हैं। गुरु और शुक्र दोनों का ही राशि परिवर्तन बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। गुरु और शुक्र दोनों ही ग्रह जब-जब एक निश्चित अंतराल पर अपनी राशि परिवर्तन करते हैं तो इसका व्यापक असर सभी राशियों के जातकों के जीवन पर देखने को मिलता है। सुख और वैभव प्रदान करने वाले शुक्र ग्रह हर 26 दिनों में राशि परिवर्तन करते हैं वहीं गुरु करीब 13 महीनों के अंतराल पर राशि परिवर्तन करते हैं। गुरु और शुक्र की वर्तमान स्थिति की बात करें तो गुरु अभी शुक्र की राशि वृषभ में हैं।वहीं, शुक्र 7 नवंबर को गुरु की राशि धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगे। गुरु का शुक्र की राशि में होने से और शुक्र का गुरु की राशि में आने से राशि परिवर्तन राजयोग का निर्माण होगा।

**सिंह राशि** : सिंह राशि के जातकों के लिए गुरु-शुक्र का राशि परिवर्तन योग बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो सकता है। सिंह राशि में शुक्र पांचवें भाव में और गुरु दसवें भाव में विराजमान हैं। इस राशि के जातकों को संतान की तरफ से कोई खुशखबरी मिल सकती है। संतान शिक्षा के क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि के योग हैं। गुरु और शुक्र की अच्छी स्थिति होने से सुख, वैभव , मान-सम्मान और धन-दौलत में इजाफा देखने को मिलेगा। इस राशि के जातकों को सरकारी नौकरी के योग बन रहे हैं। वहीं जो लोग व्यापार से संबंधित हैं उन्हे करियर में अच्छी सफलता हासिल हो सकती है।

**कन्या राशि** : कन्या राशि के जातकों के लिए गुरु-शुक्र के कारण बना राशि परिवर्तन योग बहुत ही लाभकारी रहेगा। आपकी राशि में शुक्र चौथे और नवम भाव में गुरु विराजमान होंगे। ऐसे में कन्या राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता और खूब धन की प्राप्ति की संभावना है। घर में किसी सदस्य की तरफ से कोई बड़ी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। इस राशि के जातकों को भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। मान-सम्मान में इजाफा, घर, वाहन और भौतिक भोग-विलास का सुख प्राप्त हो सकता है। अचानक से धन के प्राप्ति के योग बन रहे हैं। सेहत अच्छी रहेगी और परिवार के सदस्यों का भरपूर साथ मिलेगा।

**वृश्चिक राशि** : वृश्चिक राशि के जातकों के लिए गुरु-शुक्र राशि परिवर्नत योग बहुत ही अच्छा और शुभ साबित होगा। आपकी राशि में गुरु सातवें और शुक्र दूसरे यानी धन के भाव में विराजमान होंगे। ऐसे में आपको धन से संबंधित सभी प्रकार की परेशानियों से जल्द ही निजात मिलेगी। अचानक से धन लाभ के योग बन रहे हैं। रुका हुआ धन मिलने से आपकी चिंताएं अब समाप्त होंगी। पैतृक संपत्ति से लाभ की संभावना है। नौकरीपेशा जातकों नौकरी में प्रमोशन और वेतन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। अब से करियर की सभी चिंताएं धीरे- धीरे खत्म होगी। व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलने के योग हैं।

## जानें मंगलवार का आपका लकी नंबर और शुभ रंग कौन सा होगा



अंक ज्योतिष द्वारा अंकों के माध्यम से व्यक्ति के विषय एवं उसके भविष्य को जानने का प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 अप्रैल को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानी 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा। अगर किसी की जन्मतिथि दो अंकों यानी 11 है तो उसका मूलांक 1+1= 2 होगा। वहीं, जन्म तिथि, जन्म माह और जन्म वर्ष का कुल योग भाग्यांक कहलाता है। जैसे अगर किसी का जन्म 22-04-1996 को हुआ है तो इन सभी अंकों के योग को भाग्यांक कहा जाता है। 2+2+0+4+1+9+9+6=33=6 यानी उसका भाग्यांक 6 है। इस अंक ज्योतिष को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे।

**अंक 1** : आज आपको सफलता पाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। आपकी कला एवं संगीत में विशेष रुचि रहेगी। खाली समय में दोस्तों के साथ किसी अहम मुद्दे पर चर्चा करेंगे। विरोधियों में आपका भय बना रहेगा।
शुभ अंक – 19, शुभ रंग – लाल

**अंक 2** : उतावलापन से कोई भी निर्णय न लें अन्यथा हानि होगी। आज आपकी तरफ नए मित्र दोस्ती का हाथ बढ़ायेंगे। माता के आशीर्वाद से कोई भी कार्य करेंगे तो सफलता मिलेगा।
शुभ अंक – 1, शुभ रंग – सफेद

**अंक 3** : आज अपने परिवार, भाई- बहन के साथ सुखद समय बितेगा। विद्यार्थियों के लिए, प्रॉपर्टी, जमीन-जायदाद का कार्य करने वाले लोगों के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। जरूरत है वाणी पर नियंत्रण की।
शुभ अंक – 6, शुभ रंग - हल्का नीला

**अंक 4** : आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। प्यार में थोड़ी निराशा हाथ लग सकती है। आप अपनी मीठी बातों द्वारा स्थिति को संभाल लेंगें। पार्टनरशिप से कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं।
शुभ अंक – 11, शुभ रंग – नारंगी

### खान-पान और वर्कआउट का रखते हैं ख्याल

# जीरा, सौंफ, धनिया का पानी पीने से शरीर को मिलते हैं अनगिनत फायदे

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम न जाने कितने प्रयास करते हैं। पूरे दिन हम खान-पान और वर्कआउट का ख्याल रखते हैं, ताकि हम खुद को स्वस्थ और फिट रख सकें। खासतौर पर हममें से कई लोग अपने बढ़ते वजन से परेशान होकर घंटों एक्सरसाइज और डाइट पर सख्ती से ध्यान देने लगते हैं, लेकिन ऐसा करने से कई बार आपके शरीर पर उल्टा असर पड़ता है। इसलिए उचित आहार की आवश्यकता होती है। खासतौर पर आपके शरीर में मौजूद गंदगी को साफ करना बहुत जरूरी है। अगर आप चाहते हैं कि आपका वजन सही रहे और आप फिट और स्वस्थ रहें तो जीरा, सौंफ और धनिये से तैयार पानी का सेवन करें।



### पाचन संबंधी समस्याओं को कम करें

जीरा, धनिया और सौंफ का पानी पीने से आपकी पाचन संबंधी समस्याएं दूर हो सकती हैं. यह पानी आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है, जिससे आपके शरीर में मौजूद गंदगी बाहर निकल जाती है। सुबह खाली पेट इसका सेवन आपके शरीर को दोगुना फायदा पहुंचा सकता है। पेट के स्वास्थ्य में सुधार के लिए नियमित रूप से खाली पेट जीरा, धनिया और सौंफ का पानी पियें।

### त्वचा संबंधी समस्याएं

जीरा, सौंफ और धनिये से तैयार पानी पीने से आपकी त्वचा संबंधी समस्याएं कम हो सकती हैं। क्योंकि यह पानी आपके शरीर में हार्मोन को संतुलित करता है। साथ ही शरीर में मौजूद गंदगी को भी बाहर निकालता है, जिससे आपके चेहरे पर चमक आ सकती है।



### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

बारिश के मौसम में सर्दी, वायरल, बैक्टीरियल समस्याओं से बचने के लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। ऐसे में जीरा, धनिया और सौंफ आपके लिए किसी जड़ी-बूटी से कम नहीं हैं। इन सभी चीजों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे आपकी समस्याएं काफी हद तक नियंत्रण में रहती हैं।

### शरीर से गंदगी बाहर निकालें

शरीर में मौजूद गंदगी को साफ करने के लिए आप इस खास पानी का सेवन कर सकते हैं। यह शरीर की विषाक्तता को कम करके लीवर और किडनी के स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके शरीर की गंदगी अच्छे से साफ हो जाए तो सुबह खाली पेट इस पानी का सेवन जरूर करें।

### वजन कम करना

जीरा, सौंफ और धनिये का पानी पीने से आपके शरीर के बढ़ते वजन को नियंत्रित किया जा सकता है। इस पानी में कई ऐसे गुण होते हैं, जिससे आपका मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है, जो वजन कम करने में कारगर होता है।



## डिनर के बाद भूलकर भी न करें यह गलतियां, वरना सेहत को हो सकता है नुकसान

हमेशा फिट रहने के लिए स्वस्थ आदतें बहुत जरूरी हैं। स्वस्थ आहार आपको शारीरिक रूप से सक्रिय रखने में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में जिस तरह की जीवनशैली और खान-पान का चलन हो गया है, उसके बीच खुद को फिट बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण काम है। ज्यादातर लोग गलत तरीके से खाना खाते हैं, जिसके कारण कई तरह की बीमारियां उनकी तरफ आती रहती हैं। इसलिए अधिक तेल, वसायुक्त भोजन, जंक फूड, फास्ट फूड से बचने का प्रयास करना चाहिए। व्यक्ति को हमेशा स्वस्थ और संतुलित भोजन करना चाहिए।

**30 की उम्र के बाद फिट रहने के टिप्स** : अब जब खान-पान और जीवनशैली पूरी तरह से असंतुलित हो गई है तो सवाल यह है कि फिट कैसे रहा जाए। इसे लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हम खाना खाने का सही तरीका रखें और गलतियां न करें तो हम कभी भी अनफिट नहीं हो सकते। अगर डिनर के बाद कुछ गलतियां न की जाएं तो व्यक्ति 30 की उम्र के बाद भी फिट और हेल्दी रह सकता है



### रात को खाना खाने के बाद भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां

**खाने के बाद स्क्रीन की ओर न देखें** : स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल ज्यादातर लोग रात में खाना खाने के दौरान या उसके बाद मोबाइल-टीवी देखते हैं। ये तरीका बिल्कुल भी सही नहीं है. इससे तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ सकता है और रात की नींद में भी खलल पड़ सकता है। इसलिए रात को खाना खाने के बाद कम से कम एक घंटे तक बिस्तर पर नहीं जाना चाहिए।

**खाने के तुरंत बाद आराम न करें** : ज्यादातर लोगों की आदत होती है कि वे रात में खाना खाने के बाद तुरंत सो जाते हैं। ये सबसे बड़ी गलती है इससे भोजन को पचाने के लिए एंजाइम रिलीज नहीं हो पाते और कई तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए खाना खाने के तुरंत बाद बिस्तर पर न जाएं।

**धूम्रपान और शराब से बचें** : कुछ लोगों को रात में खाना खाने के बाद शराब या सिगरेट पीने की आदत होती है। ये तरीका भी बहुत गलत है। इससे तुरंत एसिड रिफ्लक्स, सीने में जलन, अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अगर कोई लंबे समय तक ऐसा करता है तो उसका शरीर बीमारियों का घर बन सकता है।

**सैर के लिए जाओ** : स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आप फिट रहना चाहते हैं तो रात को खाना खाने के बाद थोड़ी देर टहलें। भले ही यह थोड़ा थका देने वाला काम हो, लेकिन इससे आपको आरामदायक नींद आएगी और आप फिट रहेंगे।

## अगर आपके भी घर के फर्नीचर में लग गया दीमक तो यह घरेलू उपाय आएंगे काम

अक्सर लोग घरों में दीमक लगने की समस्या से परेशान रहते हैं। दीमक ज्यादातर लकड़ी के सामान जैसे कि अलमारी, दरवाजे, खिड़कियां, फर्नीचर और टेबल आदि में लग जाते है। एक बार लग जाने पर ये लकड़ियों को अंदर से खोखला कर देते हैं। अगर समय रहते दीमक का इलाज नहीं किया तो ये बार-बार लगते रहेंगे और फिर आपको अपना लकड़ी का सामान फेंकना पड़ सकता है, जिससे आपका खर्च भी बढ़ेगा।



### नीम का तेल

नीम का तेल दीमक के खिलाफ बहुत असरदार होता है क्योंकि इसमें नेचुरल तत्व होते हैं जो दीमक को मार सकते हैं। आप नीम के तेल को स्प्रे बोतल में भरें और उसे दीमक लगे जगह पर छिड़कें। इसे कुछ दिनों तक रोज करें ताकि दीमक बिलकुल खत्म हो जाएं। इस सिंपल तरीके से आप दीमक से छुटकारा पा सकते हैं।

### विनेगर और लेमन जूस

विनेगर और नींबू का रस मिलाकर एक स्प्रे बनाएं. जो दीमक को भगाने में मदद करता है। इस खट्टे मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरें और फिर इसे दीमक लगे हिस्सों पर छिड़कें। इसका अम्लीय गुण दीमक को दूर करने में सहायक होता है। रोजाना इसका इस्तेमाल करके आप दीमक से जल्दी राहत पा सकते हैं।

### ऑरेंज ऑयल

ऑरेंज ऑयल में एक खास तत्व होता है जिसे डी-लिमोनीन कहते हैं। यह तत्व दीमक के लिए बहुत हानिकारक होता है। जब आप इस तेल को दीमक लगे इलाके में लगाते हैं, तो यह दीमक को मार देता है। इसका इस्तेमाल करके आप आसानी से और जल्दी से दीमक की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

### सनलाइट

दीमक गीली और अंधेरी जगहों में रहना पसंद करते हैं इसलिए, अगर आपके फर्नीचर में दीमक लग गए हों, तो उन्हें धूप में रखने की कोशिश करें। धूप में रखने से फर्नीचर की नमी कम हो जाती है और दीमक खुद-ब-खुद मरने लगते हैं।

## चमकाना है अपना घर तो आजमाएं ये घरेलू नुस्खे, देखने वाले रह जाएंगे

धीरे-धीरे घर में जम गई गंदगी को निकालने के लिए लोग अपने घरों की डीप क्लीनिंग करते हैं लेकिन कई बार किचन, वॉशरूम या दूसरी जगहों पर ऐसे जिद्दी दाग लग जाते हैं, जिन्हें साफ करना थोड़ा मुश्किल लगता है। अगर आपको भी अपना घर चमकाना है तो यहां हम आपको कुछ शानदार क्लीनिंग ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। आपके चमकते घर को देखकर लोग तारीफ किए बिना नहीं रह पाएंगे।



**इस तरह चमकाएं शीशे** : घर के दरवाजों, खिड़कियों और दूसरी जगह के शीशे को चमकाना चाहते हैं तो पेपर टॉवेल या फिर अखबार का इस्तेमाल करें। कुछ लोग कपड़े से शीशों को साफ करते हैं लेकिन इससे छोटे-छोटे फाइबर शीशे पर लग जाते हैं। आप पेपर टॉवेल या पुराने अखबार को गीला करके शीशे को साफ करें।

**विनेगर और बेकिंग सोडा** : किचन, बाथरूम और बरामदे की टाइल्स को चमनकाने के लिए विनेगर और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप पानी को गर्म करें। फिर उसमें बेकिंग सोडा और विनेगर मिलाएं। अब आप किसी कपड़े की मदद से टाइल्स को अच्छी तरह साफ करें। इससे जिद्दी दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

**बर्तन के लिए नारियल तेल** : सिर में लगाने वाला नारियल तेल बर्तनों को भी चमका सकता है। अगर स्टेनलेस स्टील के बर्तनों या दूसरी चीजों पर जमा गंदगी साफ नहीं हो पा रही है, तो इन्हें हटाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल करें। सूती कपड़े में हल्का का नारियल तेल लें और बर्तन में रगड़ें। इससे गंदगी साफ हो जाएगी।

**टैल्कम पाउडर**: घर के कार्पेट और मैट पर लगे दाग को छुड़ाना चाहती हैं तो टैल्कम पाउडर का इस्तेमाल काफी शानदार विकल्प हो सकता है। कालीन पर दाग वाली जगह पर टैल्कम पाउडर लगाएं और एक से दो घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद वैक्यूम क्लीनर से उस जगह को साफ कर लें।

कार्नर न्यूज

### शरीर की ताकत कर सकते हैं दोगुनी

# रोज़ाना दूध में मिलाकर पी लीजिए ये चीजें हर तरह की कमजोरी हो जाएगी दूर

रोज दूध पीना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, ये बात हम सभी जानते हैं लेकिन अगर आप अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो दूध में कुछ खास चीजों को मिलाकर पीने से ना केवल कुछ दिनों में ही वजह बढ़ता है, बल्कि इससे शरीर की ताकत भी बढ़ती है। अगर आप बहुत ज्यादा दुबले-पतले शरीर से परेशान हैं, तो दूध में इन चीजों को मिलाकर सेवन करके अपने शरीर की ताकत दोगुनी कर सकते हैं। आइये उन चीजों के बारे में जानते हैं, जिसे दूध के साथ मिलाकर खाने से कुछ दिनों में ही शरीर पर मांस चढ़ने लगता है।



### केला और दूध

ये नुस्खा तो बहुत कारगर है और जमाने से मां अपने बच्चों को हृष्ट-पुष्ट और बलवान बनाने के लएि केला और दूध खलिाती आ रही हैं। जिन लोगों को अपना वजन बढ़ाना है, उन्हें रोजाना कम से कम एक गलिास दूध केले के साथ पीना चाहएि। अगर आपको केला दूध का शेक पसंद नहीं है तो आप दूध में केला काटकर भी यूज कर सकते हैं। केले में कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट होता है। दूध के साथ इसे पीने से वजन तेजी से बढ़ता है।

### शहद और दूध

दूध के साथ शहद पीने से भी वजन तेजी से बढता है। खासतौर से अगर रात में सोने से पहले आप गुनगुने दूध में एक चम्मच शहद मलिाकर पीना शुरू कर दें तो आपका वजन तेजी से बढ़ सकता है। इससे आपको सर्दी खांसी जैसी परेशानी से भी राहत मलिेगी। कुछ दनिों में आपको अपने शरीर में अंतर नजर आने लगेगा।

### किशमिश और दूध

वजन बढाने के लएि गर्म दूध में किशमिश डालकर पिएं। इससे तेजी से वजन बढ़ता है। रात में सोने से पहले एक गिलास दूध में किशमिश भिगोकर पीने से इसका फायदा बहुत ज्यादा मलिता है। आप इसे रात में दूध में भगिोकर छोड़ सकते हैं और अगली सुबह पी सकते हैं। इससे भी लाभ मलिता है।

### मखाना और दूध

मखाने में बहुत ताकत होती है। मखाना को भूनकर पीस लें और उसका पाउडर बना लें। दूध पीने से पहले उसमें एक चम्मच मखाने का पाउडर डालें और अच्छी तरह मलिा लें। इसे पीने से बहुत जल्दी शरीर भरा-भरा हो जाता है। इसके अलावा आप मखाने को दूध में पकाकर खीर भी बना सकते हैं। दूध के साथ मखाना खाने से हड्डियां भी मजबूत होती हैं।



### गुड़ और दूध

वजन बढाने में गुड़ और दूध भी मददगार हो सकते हैं। रात को सोने से पहले दूध में गुड़ मलिाकर पएिं। इस मश्रिण को पीने से न केवल आपका वजन बढ़ेगा, बल्कि इससे शरीर में आयरन की कमी भी दूर होगी। इस बात का ध्यान रखें कि गुड़ में कैलोरी, फैट, और शुगर ज्यादा होता है, इसलएि डायबटिीज के रोगयिों को इसे डॉक्टर से सलाह लेने के बाद ही अपनी डाइट में शामलि करना चाहएि।

### ड्राई फ्रूट्स और दूध

वजन बढ़ाने के लिए दूध में बादाम, काजू, खजूर और अंजीर डालकर उबालकर पिया जा सकता है। इससे वजन बढ़ने के साथ शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी भी पूरी हो जाती है।

## फिल्म इवेंट

### छालीवुड

## पूरे छत्तीसगढ़ में 22 नवंबर से रिलीज होगी 'बेटा'



लीक से हटकर छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माता, निर्देशक एवं अभिनेता चंद्रशेखर चकोर लेकर आ रहे हैं छत्तीसगढ़ी पारिवारिक फिल्म 'बेटा'। यह फिल्म पूरे छत्तीसगढ़ में 22 नवंबर को रिलीज होगी। चकोर फिल्म द्वारा प्रस्तुत फिल्म बेटा में सबसे कम उम्र के नायक पुमंगराज के साथ नायिका हेमा शुक्ला की जोड़ी होगी। वहीं, सोन के नथनी फेम शालिनी विश्वकर्मा, शिव आनंद, लेखाश्री, घनश्याम वर्मा, सुदामा शर्मा, लक्ष्मीनारायण, बलराज पाठक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। इस फिल्म के गीतों को पहले ही काफी लोकप्रियता मिल चुकी है। खासकर लोरीगीत 'जुगुर जुगुर' और दाम्पत्य गीत 'तोर मोर संग' को संगीत खूब पसंद कर रहे हैं। यह फिल्म पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। छत्तीसगढ़ी के ग्रामीण अंचल के रीत-रिवाजों, परिवेश व वेशभूषा को शानदार ढंग से फिल्मांकन किया गया है। फिल्म में हास्य-परिहास के साथ के कई मार्मिक दृश्य हैं। निर्माता चंद्रशेखर चकोर इससे पहले 'गुरांवट' और 'चक्कर गुरुजी के' जैसी हिट फिल्म दे चुके हैं।

### टॉलीवुड

## 'पुष्पा 2' में श्रद्धा कपूर नहीं, श्रीलीला करेंगी आइटम डांस नंबर




'पुष्पा 2' साल के आखिरी महीने में धमाल मचाने की तैयारी में है। 5 दिसंबर को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच खबर है कि फिल्म में इस बार अल्लू अर्जुन के साथ खूबसूरत श्रीलीला आइटम डांस करने वाली हैं। पहले चर्चा थी कि इसके लिए श्रद्धा कपूर को अप्रोच किया गया है। लंबे समय से यह चर्चा रही है कि 'पुष्पा 2' में भी एक ऐसा ही धमाकेदार आइटम नंबर है। लेकिन, इस बार सामंथा नहीं होंगी। इस डांस नंबर के लिए जान्हवी कपूर से लेकर श्रद्धा कपूर तक का नाम आया। लेकिन अब ताजा जानकारी है कि यह गाना श्रीलीला की झोली में जा गिरा है। बीते दिनों यह कहा गया था कि 'स्त्री 2' की सुपर सक्सेस को देखते हुए मेकर्स ने श्रद्धा कपूर को 'पुष्पा 2' में आइटम डांस नंबर के लिए अप्रोच किया है। लेकिन अब बताया जा रहा है कि वहां बात नहीं बनी। ऐसे में अल्लू अर्जुन के साथ पर्दे पर अब खूबसूरत एक्ट्रेस और बेहतरीन डांसर श्रीलीला का जलवा देखने को मिलेगा। 'डेक्कन क्रॉनिकल' ने अपनी रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा है, 'अल्लू अर्जुन एक बेहतरीन डांसर हैं और बहुत कम ही लोग उनकी गति और खूबसूरती की बराबरी कर सकते हैं। मेकर्स ने श्रीलीला को 'पुष्पा द रूल' में एक खास गाने के लिए चुना है, क्योंकि वह एक बहुत ही अच्छी डांसर हैं।'

### हॉलीवुड

## सिनेमाघरों में बंद हो विज्ञापन, 'जोकर 2' के निर्देशक टॉड फिलिप्स ने क्यों की ये मांग?



'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' के निर्देशक टॉड फिलिप्स एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हालांकि, इस बार टॉड अपनी किसी नई फिल्म के एलान को लेकर नहीं, बल्कि अपने एक सुझाव के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं। निर्देशक ने दर्शकों को सिनेमाई अनुभव देने के लिए थिएटर श्रृंखलाओं को एक खास सुझाव दिया है। उनका कहना है कि फिल्म दिखाने से पहले प्रदर्शित किए जाने वाले कमर्शियल को बंद किया जाना चाहिए। ऑस्कर विजेता टॉड फिलिप्स ने कहा, 'फिल्मों से पहले विज्ञापन दिखाना बंद करें। हमने अपने टिकटों के लिए भुगतान कर दिया है। हम वहां आने के लिए उत्साहित हैं। लेकिन,विज्ञापन सारे उत्साह पर पानी फेर देते हैं।' दूसरी ओर, 'फ्रीक्स एंड गीक्स' के निर्माता पॉल फेग का दृष्टिकोण अधिक सकारात्मक था, उन्होंने बदलते परिदृश्य को अपनाने और निरंतर विकास के दौर से गुजर रहे उद्योग में वास्तव में आगे बढ़ने के लिए स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों की प्रशंसा की। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' यानी 'जोकर 2' की बात करें तो यह संगीतमय मनोवैज्ञानिक थ्रिलर इस साल अक्टूबर में रिलीज हुई थी। हालांकि, इसने दर्शकों को पूरी तरह निराश किया। टॉड फिलिप्स के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी लागत वसूल करने के लिए भी संघर्ष करती नजर आई। वहीं, जब हॉलीवुड फिल्म 'जोकर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी तो इसने कमाई के कई सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। पहले पार्ट के कारण दर्शकों की उम्मीदें चरम पर थीं, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई।

## लाइफ स्टाइल

### दिखेंगी सबसे ज्यादा खूबसूरत



शादी पार्टी के मौके पर सही पोशाक चुनना जरूरी है ताकि आप न केवल स्टाइलिश दिखें बल्कि आरामदायक भी महसूस करें। साड़ी हमेशा से ही महिलाओं की पहली पसंद रही है। कॉकटेल पार्टी के लिए आप शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी चुन सकती हैं, जिनपर हल्की कढ़ाई या सीक्विन वर्क हो। अगर आप कुछ अलग आजमाना चाहती हैं तो गाउन एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। सिल्क या नेट फैब्रिक का गाउन चुनें, जिसमें थोड़ा सा फ्लेयर हो ताकि आपका लुक मनोहर लगे। इसके साथ कम से कम गहने पहनें ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और आप सहज महसूस करें। अनारकली सूट भी पार्टी के लिए एक अच्छा विकल्प है। इसमें आपको पारंपरिक और आधुनिक दोनों ही अंदाज मिलते हैं। सिल्क या जॉर्जेट कपड़े का अनारकली सूट चुनें, जिसमें थोड़ी सी चमक हो, जैसे कि जरी की कारीगरी या सीक्विन वर्क।

## सर्दियों के दौरान घुंघराले बाल हो जाते हैं रूखे देखभाल करने के लिए अपनाएं आसान टिप्स



सर्दियों के मौसम में घुंघराले बाल वाली महिलाओं की परेशानी बढ़ जाती है, क्योंकि इस दौरान उनके बाल अधिक रूखे और बेजान हो जाते हैं। इस कारण उनके बाल टूटने लगते हैं और उनकी बनावट भी बिगड़ जाती है। ऐसे में आपको इस मौसम में अपने बालों की देखभाल करने के लिए इन तरीकों का पालन करना चाहिए। इनके जरिए आपके बाल स्वस्थ, चमकदार और नमी युक्त बन जाएंगे और उन्हें स्टाइल करना भी आसान हो जाएगा।

**डीप कंडीशनर का सहारा लें :** घुंघराले बाल सीधे बालों की तुलना में अधिक शुष्क और रूखे हो जाते हैं। ऐसे में उन्हें उनकी नमी लौटने के लिए आप डीप कंडीशनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको हफ्ते में 2 बार बालों में कोई हाइड्रेटिंग मास्क लगाना चाहिए और खास तौर से घुंघराले बालों के लिए बनाए गए कंडीशनर उपयोग करने चाहिए। इससे आपके घुंघराले बालों की नमी बनी रहेगी और वे स्वस्थ रहेंगे।

**बालों को ठंडी हवा से बचाएं :** सर्दियों में ठंडी हवा चलती है, जिससे बालों की समस्याएं बढ़ जाती है। ऐसे में घुंघराले बालों को सुरक्षित रखने के लिए आपको उन्हें ढककर रखना चाहिए। आप बालों को स्कार्फ या शौल की मदद से ढक सकती हैं या टोपी पहन सकती हैं। साथ ही, इस मौसम में आपको अपने बालों पर बिजली से चलने वाले स्टाइलिंग उपकरण भी कम इस्तेमाल करने चाहिए। आप घुंघराले बालों को नमी पहुंचाने के लिए ये 5 हेयर मास्क इस्तेमाल कर सकती हैं।

### सूखे बालों में कंघी न करें

कई महिलायें घुंघराले बालों को गीला किए बिना ही उनमें कंघी कर लेती हैं, जिससे वे रूखे बन जाते हैं। ऐसे में आपको सबसे पहले अपने बालों को हल्का गीला कर लेना चाहिए। इसके बाद ही अपने बालों में कंघी करें और उन्हें अच्छी तरह से सुलझा लें। इसके बाद आपको अपने घुंघराले बालों पर सीरम, मूज और लीव इन कंडीशनर लगाना चाहिए। आप अपने बालों की लंबाई बढ़ाने के लिए अंगूर के बीज का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं।

### बाल कटवाते रहें

घुंघराले बाल जल्दी लंबे नहीं होते हैं, जिसके कारण कई महिलायें उन्हें कटवाने से बचती हैं। हालांकि, अपने बालों को समय-समय पर कटवाते रहना जरूरी होता है। ऐसा करने से 2 मुंहें बाल कट जाते हैं और बाल अधिक अस्वस्थ नहीं होते हैं। साथ ही बाल कटवाते रहने से वे जल्दी लंबे भी होने लगते हैं। आपको साल में कम से कम 2 बार अपने घुंघराले बाल जरूर कटवाने चाहिए।

## सूट में दिखना चाहती हैं सबसे खास, तो फॉलो करें यह टिप्स, देखते रह जाएंगे देखने वाले



फैशन

दीपावली के बाद देवउठनी ग्यारस और उसके बाद शादियों का सीजन शुरू। ऐसे समय में हर महिला चाहती है कि वह सबसे खास और आकर्षक दिखे। यूं तो महिलाएं अक्सर त्यौहारों पर साड़ियां पहनती हैं लेकिन अगर इस बार आप कुछ हटकर ट्राई कर सकती हैं। अगर आप भी सूट पहनने का प्लान कर रही हैं, तो बस इन्हें स्टाइलिश और मॉडर्न तरीके से पहनने के ये आसान टिप्स अपनाएं। चलिए जानते हैं कि आप अपने नार्मल सूट आउटफिट को और खूबसूरत और यूनिक कैसे बना सकती हैं।

**रंगों का चुनाव करें :** चमकदार रंग जैसे लाल, पीला, नारंगी, गोल्ड, और मरून चुनें। यह रंग त्योहार पर न केवल खूबसूरत दिखते हैं बल्कि एक रॉयल टच भी देते हैं। इस बार पेस्टल और फ्लोरल प्रिंट्स के साथ भी आप कुछ नया ट्राई कर सकती हैं।

**स्टाइलिश दुपट्टा कैरी करें :** एक नॉर्मल सूट को स्टाइलिश बनाने के लिए सुंदर और भारी वर्क वाला दुपट्टा कैरी करें। आप इसे एक तरफ से पिन करके या बेल्ट के साथ कस्टमाइज भी कर सकती हैं। बनारसी, चंदेरी या कढ़ाई वाले दुपट्टे आपके सूट को एकदम परफेक्ट फेस्टिव लुक देंगे।

**ज्वैलरी से करें ड्रेस को कम्पलीट :** सूट के साथ मैचिंग ज्वैलरी पहनें। झुमके, चूड़ियां, और मांगटीका जैसे ज्वैलरी पीस आपके सूट को और भी खूबसूरत बनाते हैं। खासकर, सिल्वर ऑक्सिडाइज्ड ज्वैलरी या पोल्की सेट्स, फेस्टिव लुक के लिए बेहतरीन विकल्प हैं।



**फैशनेबल बॉटम्स ट्राई करें :** ट्रेंडी बॉटम्स जैसे पैंट स्टाइल सलवार, पलाजो, शरारा या घेरदार स्कर्ट के साथ सूट को मैच करें। यह लुक आपको मॉडर्न के साथ ट्रेडिशनल टच देगा और काफी ट्रेंडी भी लगेगा।

**बालों और मेकअप का रखें ख्याल :** सूट के साथ बालों को खुला छोड़ना एक क्लासिक लुक देता है। या फिर आप साइड ब्रेड्स या जुड़ा बना सकती हैं। साथ में हल्का ग्लॉसी मेकअप करें, लेकिन हाइलाइटर और सिंपल स्मोकी आई लुक के साथ डिफाइन करें ताकि एक ग्लोइंग फेस लुक मिले।

**फुटवियर का परफेक्ट चयन :** अपने लुक को पूरा करने के लिए जूतियां या मोजड़ी का चयन करें। ये आपके ट्रेडिशनल आउटफिट को पूरा लुक देंगी। आप चाहें तो हील्स भी पहन सकती हैं, पर ध्यान रखें कि वो कम्फर्टेबल हों ताकि त्योहार या फिर शादी की मस्ती में कोई रुकावट न आए।

## काले दिख रहे हाथ-पैर करना हैं साफ़ तो ये बॉडी पॉलिशिंग पैक आएगा काम

काम और साफ-सफाई की वजह से अक्सर महिलाओं व युवतियों के हाथ-पैर बहुत गंदे हो जाते हैं दिखने में काले लगते हैं। अब इन गंदे हाथ-पैरों को साफ करने के लिए अगर आप बहुत सारा टाइम नहीं बर्बाद करना चाहती हैं तो बस नहाने से पहले इस बॉडी पॉलिश करने वाले पैक को लगा लें। आधे घंटे में ही स्किन पर चमक दिखने लगेगी और सारी डेड स्किन साफ हो जाएगी। जानें कैसे बनाएं होममेड बॉडी पॉलिशिंग पैक।

**ऐसे बनाएं होममेड पैक :** एक से दो नींबू का रस। एक चुटकी बेकिंग सोडा। बेसन दो चम्मच। नारियल का तेल आधा चम्मच, शैंपू एक चम्मच, किसी कांच के बाउल में नींबू का रस और बेकिंग सोडा मिला लें। साथ ही इसमे शैंपू डालें। बेसन और थोड़ा सा नारियल का तेल डालकर पैक तैयार कर लें।





### ऐसे करें घर में बॉडी पॉलिशिंग

अब तैयार पैक को हाथ और पैर पर लगा लें। ध्यान रहे कि ये पैक चेहरे पर भूलकर भी ना लगाएं। नहीं तो बेकिंग सोडा फेस की नाजुक त्वचा पर नुकसान कर सकता है। हाथ-पैरों पर लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। जब ये सूखने लगे तो हल्के हाथों से रगड़ें और साफ करें। फिर गुनगुने पानी से धो लें। नारियल का तेल स्किन के मॉइश्चर को बचाकर रखेगा और बेकिंग सोडा के साथ नींबू मिलकर स्किन पर जमा डेड स्किन को हटाने में मदद करेगा। जिससे हाथ-पैर की स्किन नेचुरली ग्लो करेगी और स्मूद नजर आएगी। लेकिन ध्यान रहे अगर स्किन सेंसेटिव है तो इस बॉडी पैक को ना लगाएं। इससे स्किन में इरिटेशन हो सकती है।

## आप भी अपनी सिंपल साड़ी के साथ देख रहीं हैं डिज़ाइनर ब्लाउज तो मौजूद हैं लेटेस्ट ऑप्शन

साड़ियां हर इंडियन विमेन के वॉर्डरोब का सबसे इंपोर्टेंट हिस्सा होती हैं। फिर चाहे बात डेली वियर की हो या किसी खास ऑकेजन की, अधिकतर महिलाएं साड़ी कैरी करना ही पसंद करती हैं। साड़ी का सबसे इंपोर्टेंट हिस्सा होता है ब्लाउज। यानी अगर ब्लाउज आपने सही ढंग से स्टिच करा लिया तो आपकी सिंपल साड़ी में भी जान आ जाती हैं, इसका उल्टा भी उतना ही सच है। तो चलिए आज हम आपको कुछ लेटेस्ट ब्लाउज की डिजाइन के बारे में बताने वाले हैं, आप इनमें से कोई भी डिजाइन अपने लिए सिलेक्ट कर सकती हैं।

**ट्रेंडी है ये डिजाइन :** अगर आप पूरी तरह से बैकलेस ब्लाउज पहनने में कंफर्टेबल फील नहीं करती हैं तो ये स्टाइलिश डिजाइन भी आपको बैकलेस जितना फैंसी लुक दे सकता है। अगर आपकी साड़ी ज्यादा हेवी नहीं है तब तो आपको इस डिजाइन को जरूर सिलेक्ट कर लेना चाहिए। मैचिंग डोरी और लटकन के साथ ये आपको बेहद ही स्टाइलिश लुक देगा।



**स्क्वायर शेप कट :** आजकल ब्लाउज की बैक का पैटर्न भी काफी ट्रेंड में है। ये आपको बहुत ही यूनिक और स्टाइलिश लुक देगा। ये ब्लाउज पीस आप अपनी हेवी एंब्रॉयडरी वाली साड़ियों और सिल्क की साड़ियों के साथ स्टिच करा सकती हैं। इससे आपकी ओवरऑल साड़ी का लुक काफी निखर कर आएगा।

**डोरियों का खूबसूरत पैटर्न :** ब्लाउज डिजाइन हो और डोरी वाले ब्लाउज की बात ना हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है। लेकिन वही पुराने ट्रेडिशनल डिजाइन की जगह क्यों ना ये लेटेस्ट पैटर्न ट्राई किया जाए। यकीन मानिए ये ब्लाउज डिजाइन आपको इतना यूनिक और स्टाइलिश लुक देगा कि आपकी सहेलियों भी इंप्रेस हो जाएंगी।

## कार्नर न्यूज

### लहंगा स्टाइल करने के आसान टिप्स

## लहंगा है भारतीय महिलाओं का पसंदीदा परिधान जानिए इसे स्टाइल करने के आसान तरीके

*लहंगा सबसे मशहूर भारतीय परिधानों में से एक है, जो हर उम्र की महिलाओं को पसंद आता है। चाहे शादी हो, त्योहार हो या कोई खास अवसर, लहंगा पहनकर हर महिला खूबसूरत और आत्मविश्वासी महसूस करती है। भारत में कई अलग-अलग तरह के लहंगे पहने जाते हैं, जिन्हें विभिन्न तरीकों से स्टाइल किया जाता है। आज के फैशन टिप्स में लहंगे को स्टाइल करने के कुछ आसान तरीके जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप सबसे अलग और सुंदर दिख सकेंगी।*



### सही फिटिंग का करें चुनाव

सुंदर दिखने के लिए लहंगे की फिटिंग बहुत अहम होती है। अगर आपका लहंगा बहुत ढीला या बहुत टाइट होगा, तो यह आपके पूरे लुक को खराब कर सकता है। इसलिए हमेशा अपने शरीर के आकार के अनुसार सही फिटिंग वाला लहंगा चुनें। कमर पर अच्छी तरह से फिट होने वाला लहंगा आपको पतला और आकर्षक दिखाएगा।

### सोच-समझकर चुनें ब्लाउज का डिजाइन

ब्लाउज का सही डिजाइन आपके लहंगे में चार-चांद लगाने का काम कर सकता है। अगर आपका ब्लाउज अच्छे से फिट नहीं होगा या उसका डिजाइन आपके शरीर के अनुरूप नहीं होगा, तो यह आपके पूरे लुक को खराब कर सकता है। इसलिए ब्लाउज का डिजाइन चुनते समय अपने शरीर की बनावट और आराम का ध्यान रखें।

### अलग अंदाज में ओढ़ें लहंगे का दुपट्टा

लहंगे के दुपट्टे को ओढ़ने का स्टाइल भी आपके लुक में बड़ा फर्क डाल सकता है। आप दुपट्टे को अलग-अलग तरीकों से ओढ़ सकती हैं, जैसे कि एक कंधे पर पिन करना, दोनों कंधों पर रखना या फिर कमर पर बेल्ट के साथ बांधना। इसके अलावा, आप दुपट्टे को सिर पर ओढ़कर भी एक पारंपरिक लुक पा सकती हैं।



### गहनों से निखारें अपना लुक

लहंगे के साथ गहने भी बहुत मायने रखते हैं। अगर आपका लहंगा पहले से ही भारी काम वाला है, तो भारी गहने पहनने से बचें और हल्के गहनों का चयन करें, ताकि संतुलन बना रहे। हार, झुमके, चूड़ियां आदि सबकुछ सोच-समझकर चुनें, ताकि वे आपके कपड़ों के साथ मेल खाएं और आपके लुक को और भी खास बनाएं। सही गहनों का चयन करने से आपका पूरा लुक निखर कर आएगा और आप सबसे अलग दिखेंगी।

### बालों में बनाएं आकर्षक हेयर स्टाइल

हेयर स्टाइल भी पूरे लुक में अहम भूमिका निभाती है। खुले बाल, जुड़ा या फिर चोटी, जो भी हेयरस्टाइल आप चुनती हैं, वह आपके लहंगे और चेहरे के अनुरूप होना चाहिए, ताकि आपका पूरा व्यक्तित्व निखर कर सामने आए। इन सभी टिप्स को ध्यान में रखकर आप अपने अगले अवसर पर सबसे अलग और खूबसूरत दिख सकती हैं। याद रखें कि आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी खूबसूरती होती है, इसलिए जो भी पहनें उसमें खुद को आत्मविश्वासी महसूस करें।